RNI. NO. RAJHIN/2021/82156 डाक पंजीयन संख्याः RJ/ALW/866/23-25

# वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा

जज्बा सच दिखाने का

वर्ष -05 | अंक -204 | मूल्यः 2.00 रू. | अलवर, रविवार 05 अक्टूबर, 2025 | प्रभात संस्करण | कुल पेज- 8

WWW.Voiceofpratigya.com | Twitter.com/Voiceofpratigya | facebook.com/Voiceofpratigya | YouTube.com/Voiceofpratigya | Instagram- Instagram.com/Voiceofpratigya | 9414508610 | pratigya.alwar@gmail.com

# हथियारों के बल पर बस्तर की शांति भंग करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देंगे सुरक्षा बलः शाह

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को माओवादियों से किसी भी तरह से बातचीत की संभावना से इंकार करते हुए कहा कि वे आत्मसमर्पण करें और बस्तर के विकास में सहभागी बनें। शाह ने जगदलपुर के लालबाग परेड मैदान में आयोजित बस्तर दशहरा लोकोत्सव , 2025 और 'स्वदेशी मेला' के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक बार फिर 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प को दोहराया।



## शांति भंग करने वालों देंगे मुंहतोड़ जवाब

गृह मंत्री ने कहा कि हथियारों के बल पर बस्तर की शांति भंग करने वालों को सुरक्षा बल मुंहतोड़ जवाब देंगे। बस्तर क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मैं सभी आदिवासी भाइयों बहनों को कहना चाहता हूं कि आपके ग्राम के युवाओं को हथियार डालने के लिए समझाइए। वह हथियार डाल दें, मुख्यधारा में आएं तथा बस्तर के विकास में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ लोगों ने वर्षों तक भ्रांति फैलाई कि नक्सलवाद का जन्म विकास की लड़ाई है, पर मैं आदिवासी भाइयों को बताने आया हूं कि पूरा बस्तर विकास से महरूम रहा, विकास आप तक नहीं पहुंचा है इसका मूल कारण नक्सलवाद है। आज देश के हर गांव में बिजली, पीने का पानी, रोड, हर घर में शौचालय, पांच लाख तक का स्वास्थ्य का बीमा, पांच किलो मुफ्त चावल और आपके धान को 3100 रूपए (प्रति क्विंटल) तक पहुंचाने की व्यवस्था हुई है। लेकिन बस्तर इसमें पीछे रह गया है

## क्षेत्र के विकास को समर्पित है सरकार

उन्होंने कहा कि कुछ लोग वार्ता की बात करते हैं, मैं फिर से एक बार स्पष्ट कर देता हूं, हमारी दोनों सरकारें - छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार - बस्तर और नक्सल प्रभावित हर क्षेत्र के विकास को समर्पित है, किस चीज की वार्ता करनी है, बहुत मोहक आत्मसमर्पण नीति हमने बनाई है, आइए हथियार डाल दीजिए। हथियार के बल पर बस्तर की शांति को अगर आपने छिन्न-भिन्न करने का काम किया तो हमारे सशस्त्र बल इसका जवाब देंगे। 31 मार्च 2026 की तिथि नक्सलवाद को इस देश की भूमि पर से विदाई देने के लिए तय है।

## नक्सलवाद को बताया सबसे बड़ा रोड़ा

केंद्रीय गृह मंत्री ने नक्सलवाद को बस्तर के विकास के लिए सबसे बड़ा रोड़ा बताया और विश्वास जताया कि अगले वर्ष तक यह समस्या समाप्त हो जाएगी। शाह ने कहा कि आज सुबह मैंने दंतेश्वरी माई का दर्शन और पूजन किया। मां के चरणों में प्रार्थना की है कि 31 मार्च, 2026 को पूरे बस्तर क्षेत्र को लाल आतंक से मुक्त करने की हमारी सुरक्षा बलों को शक्ति दे। गृह मंत्री ने कहा कि मैं आज (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी की ओर से आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि 31 मार्च 2026 के बाद नक्सलवादी आपके विकास को नहीं रोक पाएंगे। आपके अधिकार को नहीं रोक पाएंगे। काफी कुछ काम हुआ है काफी कुछ काम बाकी है।

## गृह मंत्री ने की अपील

उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से अपील करने भी आया हूं कि जो बच्चे गुमराह होकर नक्सलवाद से जुड़े हैं, आप ही के गांव के हैं, उनको समझाइए कि शस्त्र डाल दें और मुख्य धारा में आ जाएं। छत्तीसगढ़ शासन ने भारत में सबसे अच्छी आत्मसमर्पण नीति बनाई है। एक ही माह में 500 से ज्यादा लोगों ने हथियार डाले हैं। सभी लोग हथियार डालें। आपका गांव नक्सली मुक्त होते ही गांव के विकास के लिए एक करोड़ रुपए छत्तीसगढ़ शासन आपको देगा। नक्सलवाद से किसी का भला नहीं होगा।

## केंद्रीय मंत्री ने किया अनुरोध

शाह ने इस दौरान सभी से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का अनुरोध किया और कहा कि यदि भारत के 140 करोड़ लोग स्वदेशी के संकल्प को आत्मसात करेंगे तब भारत को सर्वोच्च आर्थिक व्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकेगा।

## नेताओं से की बातचीत

केंद्रीय गृह मंत्री ने इससे पहले जगदलपुर में मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा उत्सव के तहत आयोजित होने वाले पारंपरिक आयोजन 'मुरिया दरबार' में हिस्सा लिया। मुरिया दरबार में शाह ने पुजारियों और आदिवासी समुदाय के नेताओं से बातचीत की।

### बिहार वोटर लिस्ट को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर बीजेपी का पलटवार

# राहुल गांधी की कोई विश्वसनीयता नहीं, लेकिन चुनाव आयोग की है...

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**



बीजेपी ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी की कोई विश्वसनीयता नहीं है, लेकिन निर्वाचन आयोग की है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी निष्पक्ष चुनाव कराने के उसके प्रयासों को अपने विभिन्न फैसलों में सराहा है। बीजेपी ने बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अंतिम मतदाता सूची में विसंगतियां होने का आरोप लगाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना करते हुए यह बात कही। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप में इसलिए लगी हुई है कि उसके नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव, दोनों जानते हैं कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव में उनके गठबंधन को हार का सामना करना पड़ेगा। बिहार की अंतिम मतदाता सूची में कई अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि हटाए गए मतदाताओं के नाम की संख्या कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में पिछले विधानसभा चुनावों के जीत के अंतर से भी अधिक है। विपक्षी दल ने यह भी आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग सत्तारूढ़ दल के हाथों की कठपुतली है और उसने बीजेपी तथा उसके सहयोगियों को राजनीतिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बिहार के लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया है। भाटिया ने कहा, 'आरोप कौन लगा रहा है? यह राहुल गांधी हैं, जिन्होंने गलत बयान देने और शीर्ष अदालत के बारे में झूठ बोलने के लिए उच्चतम न्यायालय में माफी मांगी थी।' उन्होंने पूछा, 'उस व्यक्ति की क्या विश्वसनीयता है जिसका हर शब्द झूठ हो?' बीजेपी प्रवक्ता ने कहा, 'उच्चतम न्यायालय के कई फैसले हैं, जिनमें (कांग्रेस नेता) कमलनाथ द्वारा दायर याचिका पर दिया गया फैसला भी शामिल है, और राहुल गांधी को उन्हें पढ़ना चाहिए।' भाटिया ने कहा, 'फैसले में कहा गया है कि पिछले कई दशकों से देश में निष्पक्ष चुनाव होते रहे हैं, जिसका श्रेय भारत निर्वाचन आयोग को जाता है। यह हमारे निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता है।' बीजेपी नेता ने यह भी बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के लिए एसआईआर प्रक्रिया पर कोई रोक नहीं लगाई है। भाटिया ने कहा, 'सच्चाई यह है कि राहुल गांधी खुद अपने द्वारा लगाए गए (वोट चोरी के) आरोपों पर विश्वास नहीं करते, वरना उन्होंने निर्वाचन आयोग को हलफनामे पर अपने बयान सौंप दिए होते।' उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता ने आरोप लगाने के बाद आयोग के समक्ष अपना बयान दर्ज नहीं कराया, क्योंकि अगर उनके दावे झूठे साबित होते तो उन्हें जेल जाना पड़ता। भाटिया ने कहा, 'जब राहुल गांधी खुद अपने आरोपों पर विश्वास नहीं करते, तो कोई और ऐसे व्यक्ति के आरोपों पर क्यों विश्वास करेगा।'

# भ्रष्टाचार और लापरवाही का मामला, 5 की पेंशन रोकी, 2 अफसर सस्पेंड, सरकार ने 28 कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

राजस्थान सरकार ने राजकीय कार्य के निष्पादन में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार के दोषी कार्मिकों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की है. राजकीय सेवाओं में अनुशासन और ईमानदारी के लिए सर्वोपरि स्थान सुनिश्चित करने के क्रम में राज्य सरकार द्वारा कुल 15 प्रकरणों में 28 कार्मिकों के विरुद्ध विभिन्न अनुशासनात्मक कार्यवाहियां की गई हैं. राजस्थान प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को रिश्वत लेने एवं नियम विरुद्ध कार्य करने के प्रकरणों में मुख्यमंत्री के निर्देश पर निलम्बित किया गया है. साथ ही चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के एक अन्य मामले में उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार के विरुद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अंतर्गत आरोप पत्र जारी कर विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई है. इसी प्रकार सेवा से निरंतर अनुपस्थित रहने एवं राजकीय कार्य में लापरवाही करने के आधार पर एक कार्मिक को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की अनुशंसा को भी अनुमोदित किया गया है. अभियोजन स्वीकृति के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए तीन प्रकरणों में कुल 13 अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति प्रदान की गई है. इसके अलावा भ्रष्टाचार के दो मामलों में न्यायालय से दोषसिद्ध पाए गए अधिकारियों की शत-प्रतिशत पेंशन रोकने का निर्णय लिया गया है. साथ ही राज्यपाल द्वारा अनुमोदित तीन अन्य प्रकरणों में 5 अधिकारियों की समानुपातिक पेंशन राशि रोकने का दंड दिया गया है.

# पंचतत्व में विलीन हुए राजस्थान के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी, अंतिम विदाई देने पहुंचे हज़ारों लोग



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी का देर रात बीकानेर में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया. सहनिवार को शाम उनका दाह संस्कार कर दिया गया. उनके दाह संस्कार में कांग्रेस के कई बड़े नेता मौजूद रहे. डूडी के निधन की सूचना आते ही बीकानेर सहित पूरे प्रदेश में शोक की लहर छा गई. अगस्त 2023 में ब्रेन हैमरेज के बाद से ही वह करीब 25 महीने से कोमा में थे. सुबह से ही उनके बीकानेर निवास पर समर्थकों का तांता लग गया. लोग अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े. नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समर्थकों ने परिवारजनों को ढाढ़स बंधाया. इस दौरान पूरा माहौल भावुक हो उठा. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा भी बीकानेर पहुंचे, जहां उन्होंने डूडी को पुष्पांजलि अर्पित की और परिवार से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की. गहलोत ने कहा कि रामेश्वर डूडी सच्चे किसान नेता थे, जिन्होंने हमेशा किसानों की आवाज बुलंद की. उनके निधन से प्रदेश को बहुत बड़ी क्षति हुई है. ईश्वर से प्रार्थना है कि परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे. वहीं गोविंद डोटासरा ने कहा कि डूडी गरीब और मजलूमों की आवाज थे, उन्होंने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी. खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने उन्हें 'किसान केसरी' बताते हुए कहा कि उनका जाना समाज और राजनीति दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है. डूडी की अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से शुरू होकर बीकानेर के मुख्य मार्गों से होते हुए नोखा रोड पहुंची, जहां हजारों समर्थकों ने नम आंखों से अपने नेता को अंतिम विदाई दी. रास्ते भर उनके समर्थक पुष्पांजलि अर्पित करते रहे. पूरे बीकानेर में शोक और सम्मान का माहौल देखने को मिला. उनके पुत्र अजय डूडी ने उन्हें मुखाग्नि दी, और उनके पंचतत्व में विलीन होते ही वातावरण गमगीन हो उठा.

# बिहार चुनाव के बाद ही बीजेपी को मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष?



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में आजकल बहुत चर्चा हो रही है। पार्टी के मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल पहले ही बढ़ाया जा चुका है। अब पार्टी के भीतर यह सवाल उठ रहा है कि नया अध्यक्ष कब चुना जाएगा और इस महत्वपूर्ण पद पर कौन बैठेगा। उधर बीजेपी अध्यक्ष का चुनाव बिहार विधानसभा चुनाव के बाद ही होने की संभावना है। हालांकि पहले बीजेपी की तरफ से ऐसे संकेत थे कि बिहार चुनाव से पहले ही नया अध्यक्ष मिल जाएगा, लेकिन अब यह संभव नहीं लग रहा है। दरअसल अब चुनाव आयोग की टीम बिहार में है और आने वाले हफ्ते में चुनाव की घोषणा की उम्मीद है। ऐसे में अब इस पर कोई फैसला मुश्किल लगता है। भारत निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए सीईसी ज्ञानेश कुमार और ईसी डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के नेतृत्व में ईसीआई प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को पटना पहुंच गया है। वहीं, इससे पहले चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा के आगामी आम चुनाव और कुछ राज्यों के उपचुनावों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात किए जाने वाले सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग का आयोजन किया। बैठक में 287 आईएएस अधिकारी, 58 आईपीएस अधिकारी और आईआरएस, आईआरएएस, आईसीएएस तथा अन्य सेवाओं के 80 अधिकारियों सहित 425 अधिकारियों ने भाग लिया। यह ब्रीफिंग बैठक आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। बीजेपी में इस समय अध्यक्ष पद को लेकर काफी गहमागहमी है। पार्टी के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हैं। उनका कार्यकाल पहले ही बढ़ाया जा चुका है। जेपी नड्डा जनवरी 2020 से इस पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनका कार्यकाल 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बढ़ाया गया था। इस विस्तार ने पार्टी के भीतर कई सवाल खड़े किए थे। अब एक बार फिर से यह सवाल उठ रहा है कि पार्टी अपना नया अध्यक्ष कब चुनेगी। और इस बड़े और महत्वपूर्ण पद पर आखिर किसे मौका मिलेगा। यह फैसला बीजेपी के भविष्य की दिशा तय करेगा। राजनीतिक गलियारों में कई बड़े नेताओं के नाम चल रहे हैं। हर कोई जानना चाहता है कि अगला अध्यक्ष कौन होगा।

### कफ सिरप कांड

# राजस्थान में बिना प्रिसक्रिप्शन नहीं मिलेगी खांसी की दवा, एडवाइजरी जारी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

राजस्थान में कफ सिरप अब चिकित्सकीय परामर्श से ही मिलेगी। प्रदेश में Dextromethorphan HBr Syrup के लेने से गंभीर रूप से तबियत खराब होने तथा भरतपुर व सीकर में 2 बच्चों की मृत्यु के बाद स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। सीकर व भरतपुर में बच्चों की मृत्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि दोनों ही बच्चों को खांसी की दवा डेक्सट्रोमैटोरफन नहीं लिखी गई थी। विभाग ने सीकर जिले में हाथीदेह पीएचसी में बच्चों के लिए खांसी की प्रतिबंधित दवा लिखे जाने पर एक चिकित्सक एवं फार्मासिस्ट को निलंबित करने की कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी है।



## विभाग ने जारी की एडवाइजरी

इसके साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही के साथ ही प्रिसक्रिप्शन लिखने में प्रोटोकॉल का पालन करने तथा रोगियों को प्रिसक्रिप्शन से ही दवा उपलब्ध कराने तथा रोगियों द्वारा बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवा नहीं लेने के संबंध में एडवाइजरी भी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी चिकित्सक दवा लिखते समय एडवाइजरी की पूर्णत पालना सुनिश्चित करें। बच्चों को दवाई लिखते समय निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। रोगी बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवा का सेवन नहीं करें। निदेशक जनस्वास्थ्य ने बताया कि प्रदेश में मौसमी बीमारियों सहित अन्य सामान्य बीमारियों से बचाव, उपचार एवं अन्य जानकारी के राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 0141–2225624 पर किसी भी समय सम्पर्क किया जा सकता है।

## सरकारी रिपोर्ट में ये तथ्य आए

*निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि भरतपुर एवं सीकर में दो बच्चों की मौत के प्रकरण में प्राप्त रिपोर्ट में सामने आया है कि चिकित्सक द्वारा दोनों ही बच्चों को Dextromethorphan HBr Syrup नहीं लिखी गई है। प्रोटोकॉल के अनुसार बच्चों को यह दवा नहीं लिखी जाती है। सीकर के अजीतगढ़ ब्लॉक की हाथीदेह पीएचसी पर एक बच्चे को खांसी की यह दवा लिखे जाने का मामला सामने आया था, जिस पर चिकित्सक डॉ. पलक एवं फार्मासिस्ट पप्पू सोनी को निलंबित करने की कार्रवाई की जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार भरतपुर के कलसाडा निवासी 30 वर्षीय मोनू जोशी 25 सितम्बर, 2025 को खांसी–जुकाम व बुखार होने पर सीएचसी कलसाडा आए थे। चिकित्सक ने उन्हें अन्य दवाओं के साथ सिरप डैक्ट्रामैट्रोफन हाइड्रो ब्रोमाइड लिखी थी। मोनू जोशी ने अपने तीन वर्षीय पुत्र गगन के जुकाम व निमोनिया होने पर बिना चिकित्सक की सलाह के यह सीरप उसे पिला दी। गगन की तबीयत ज्यादा खराब होने पर वे तुरन्त चिकित्सक डॉ. अशोक जैन के पास महुआ लेकर गए। डॉ. अशोक जैन ने मरीज की गम्भीर अवस्था को देखते हुए उसे जेके लोन जयपुर के लिए रैफर कर दिया गया। 25 सितम्बर को ही दोपहर 2 बजे गगन को जेके लोन हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। मरीज की स्थिति में सुधार होने पर उसे 27 सितम्बर को डिस्चार्ज कर दिया गया।*

## जांच के लिए कमेटी बैठी, दवा को क्यूी के लिए भेजा

गौरतलब है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रकरण सामने आने पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की जांच किए जाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद आरएमएससीएल ने संबंधित दवा के वितरण एवं उपयोग पर रोक लगा दी थी और जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन भी कर दिया था। साथ ही, दवा का वैधानिक नमूना लेकर जांच के लिए राजकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भी भेजा गया है। वहीं भरतपुर में कफ सिरप पीने के बाद बच्चे की मौत की खबर को लेकर स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि यहां नहनी उम्र 50 साल उप केन्द्र, मलाह पर दिखाने आई थी, जिसे उप केन्द्र स्तर की पीसीएम दवाई दी गई थी। जिस बच्चे सम्राट की मौत की खबर सिरप पीने से बताई जा हरी है

# कुएं पर कपड़े धो रही युवती से दुष्कर्म, आरोपी को 10 साल की सजा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

अलवर जिले में कुएं पर कपड़े धो रही युवती से दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने पीड़िता को 3 लाख रुपये प्रतिकर राशि दिलवाने की अनुशंसा भी की है। विशिष्ट न्यायाधीश (पोक्सो अधिनियम संख्या-4) हिंमाकनी गौड़ की अदालत ने यह फैसला सुनाया। प्रकरण में विशिष्ट लोक अभियोजक प्रशांत यादव ने बताया कि यह घटना 4 अप्रैल 2024 की है, जब पीड़िता के पिता ने मालाखेड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता गांव के कुएं पर अकेली कपड़े धो रही थी, तभी उसी गांव का एक व्यक्ति वहां पहुंचा और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की। अनुसंधान पूरा होने के बाद आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष ने अदालत में कुल 17 गवाहों के बयान और 33 दस्तावेज पेश किए। एफएसएल रिपोर्ट और मेडिकल जांच में भी दुष्कर्म की पुष्टि हुई। सभी पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे 10 वर्ष का कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। घटना के बाद मानसिक आघात से पीड़िता ने जहर खा लिया था, लेकिन समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई।

# लक्ष्मणगढ़ में 7 अक्टूबर को एलर्जी व दमा की आयुर्वेदिक दवा का निशुल्क वितरण

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा लक्ष्मणगढ़**

श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एलर्जी और श्वास संबंधी रोग, विशेषकर दमा, के मरीजों के लिए 7 अक्टूबर को आयुर्वेदिक दवा का निशुल्क वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्थानीय खंडेलवाल धर्मशाला में आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रातः 4.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। आरएसएस के कैलाश शर्मा ने बताया कि दवा रोगियों को खीर के साथ दी जाएगी। इसका निर्माण 6 अक्टूबर की रात को किया जाएगा, ताकि सुबह इसे सीधे रोगियों तक पहुँचाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को एलर्जी और दमा जैसी श्वास संबंधी बीमारियों से राहत प्रदान करना और आयुर्वेदिक उपचार को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है और आरएसएस कार्यकर्ता वितरण कार्य में सक्रिय रूप से सहयोग करेंगे।

# राजकीय महाविद्यालय थानागाजी में बी.ए. भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 8 अक्टूबर से

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा थानागाजी**

राजकीय महाविद्यालय थानागाजी में बी.ए. सेमेस्टर द्वितीय एवं चतुर्थ के समस्त स्वयंपाठी विद्यार्थियों (एनसी विद्यार्थियों) के लिए भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा 2025 का आयोजन दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8.00 बजे से किया जाएगा। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि सभी स्वयंपाठी विद्यार्थी निर्धारित तिथि पर अपने प्रायोगिक रिकॉर्ड, प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के साथ महाविद्यालय में उपस्थित हों। परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर पूर्ण रूप से विद्यार्थियों की स्वयं की जिम्मेदारी मानी जाएगी। कॉलेज प्राचार्य ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षाओं में समय पर उपस्थिति और आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे परीक्षा से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें ताकि परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# राजेन्द्र बैरेर का आमरण अनशन हुआ समाप्त



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा रैणी**

अलवर जिले की रैणी उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बैरेर में पिछले तीन दिनों से चल रहा राजेन्द्र बैरेर का आमरण अनशन शनिवार को विधायक मांगेलाल मीना ने मौके पर पहुंचकर जूस पिलाकर उनका अनशन तुड़वाया। उपखंड क्षेत्र के सभी कर्मचारियों की मौजूदगी में,यह अनशन तब खत्म हुआ जब सरकार ने राजेंद्र बैरेर की सभी मांगों को मान लिया। विधायक मांगेलाल मीना ने खेल मैदान के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की और उसकी बाउंड्री सहित सभी काम जल्द पूरे करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रैणी एसडीएम हरकेश मीना, इटोली धर्मराज मीणा सरपंच, बवेली सरपंच गब्बर मीणा,रैणी सरपंच संघ अध्यक्ष हरिप्रसाद मीणा,विधायक निजी सहायक आर डी मीणा बैंरावडा सहित सभी सरपंचगण व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# गौरक्षकों ने 6 गौवंश को मुक्त कराकर पिकअप गाड़ी सहित दो तस्करों को किया पुलिस के हवाले



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा रैणी**

रैणी मार्ग के मध्य बबेली गांव के पास से गो रक्षकों ने 6 गोवंश मुक्त करा कर दो आरोपियों सहित पिकअप को पुलिस के हवाले किया है। गोरक्षक अजय शर्मा ने बताया कि रैणी की ओर से दिनदहाड़े आ रही गोवंश से भरी पिकअप को पकड़ लिया। उसके बाद राजगढ़ कस्बे की भौरंगी धाम गोशाला पहुंचाया। जहां पिकअप से 6 गोवंश मुक्त कराए। साथ ही पिकअप सहित दो आरोपी पुलिस के हवाले करने पर गिरफ्तार कर मामले में जांच की जा रही है।

# केंद्रीय वन मंत्री ने अलवर में जीएसटी बचत उत्सव, खेल उत्सव और रामलीला कार्यक्रमों में भाग लिया





**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को अलवर में एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए शहरवासियों से संवाद किया। उन्होंने मुख्य बाजार में जीएसटी बचत उत्सव के तहत पदयात्रा का शुभारंभ शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। पदयात्रा भगत सिंह सर्किल से दो नंबर रोड होते हुए मुख्य बाजारों तक आयोजित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने व्यापारियों से अपील की कि सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में किए गए सरलीकरण का लाभ आमजन तक पहुंचे और दुकानदार इसे सही तरीके से ग्राहकों तक पहुंचाएं।

यादव ने लोकल फॉर वोकल के तहत स्थानीय और स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर से जीएसटी की मुख्य दरें केवल 5 और 18 प्रतिशत प्रभावी हुई हैं, जिससे दैनिक जरूरत की वस्तुओं की कीमतों में कमी आई है। मंत्री ने कहा कि इससे गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, व्यापारी और उद्योग जगत सभी लाभान्वित होंगे। मुख्य बाजार में दुकानदारों से चर्चा के दौरान व्यापारियों ने जीएसटी सुधारों को प्रधानमंत्री मोदी का "डबल धमाका" बताया। इस मौके पर जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

साथ ही केंद्रीय मंत्री ने शांतिकुंज में अलवर सांसद खेल उत्सव-2025 की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि यह उत्सव ग्रामीण और शहरी खेल प्रतिभाओं के लिए एक उत्कृष्ट प्लेटफार्म है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ, जिसमें अब तक 40 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया है, जो पहले संस्करण से पांच गुना अधिक है। रजिस्ट्रेशन 10 अक्टूबर तक किया जा सकता है। मंत्री ने बताया कि विधानसभा स्तर की प्रतियोगिताएं 29 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होंगी और विजेताओं के लिए लोकसभा स्तर पर 7 से 9 नवंबर को इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेल होंगे। स्पोटर्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टैलेंट सर्च टीम उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन करेगी।

उन्होने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं का सर्वांगीण विकास संभव है और अलवर सांसद खेल उत्सव उन्हें खेलों को व्यवसाय के रूप में अपनाने का अवसर देगा। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, खेल संगठनों और व्यापारिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

साथ ही केंद्रीय मंत्री ने शिवाजी पार्क रामलीला मैदान में श्री रामलीला महोत्सव के समापन समारोह और पुलिस कंट्रोल रूम के पास बाबा भर्तृहरि नाटक के शुभारंभ में भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन भारतीय सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों के संवाहक हैं और रामलीला व लोकनाट्य कला समाज में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करती हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इन कार्यक्रमों के दौरान केंद्रीय मंत्री ने व्यापारियों, खिलाड़ियों, नागरिकों और श्रद्धालुओं से संवाद कर विभिन्न पहलुओं पर सुझाव प्राप्त किए और अलवर में सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

# अलवर में दीवाली प्रदर्शनी 2025 स्वयंसिद्धा का भव्य उद्घाटन



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

लघु उद्योग भारती महिला इकाई, अलवर द्वारा आयोजित दीवाली प्रदर्शनी 2025 स्वयंसिद्धा का भव्य उद्घाटन रिवाज़ रिज़ॉर्ट, अलवर में पद्मश्री अवार्डी उषा चौमर ने किया। उद्घाटन समारोह में लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व स्नह्य. यूनिवर्स डॉ. शिखा तिवारी, गुरुकुल संयोजिका प्रतिभा पूनिया, विभिन्न संगठन, शैक्षणिक संस्थान और सरकारी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रदर्शनी में गृह सज्जा और होम डेकोर, फैशन और वस्त्र, आभूषण और गहने, गिफ्ट आइटम्स, हस्तशिल्प, फर्नीचर और इंटीरियर जैसे कई आकर्षक स्टॉल लगाए गए। बच्चों के लिए ष्ठढ्ढङ्घ वर्कशॉप्स और त्योहारी व विवाह स्पेशल कलेक्शन भी प्रदर्शित किए गए। स्थानीय और राष्ट्रीय उद्यमियों ने भी अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। अलवर, जयपुर, भिवाड़ी, दिल्ली और गुरुग्राम के उद्यमियों ने इस मंच का हिस्सा बनकर नागरिकों को "एक ही छत के नीचे सभी खरीदारी" का अवसर दिया। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य नागरिकों को त्योहारों और विवाह की सभी आवश्यकताओं की सुविधा प्रदान करना है। इससे लोग समय और श्रम बचाकर विविध और गुणवत्ता युक्त उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं। प्रदर्शनी में आए नागरिकों ने आयोजन की सराहना की और इसे आगामी वर्षों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस भव्य आयोजन ने अलवर में त्योहारों की खुशियों को बढ़ाया और स्थानीय उद्यमियों, महिला उद्यमियों व शिल्पकारों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर दिया।

# दिल्ली जाने वाले माल पर अब लगेगा पर्यावरण शुल्क, बढ़ेगा दूध-सब्जी का दाम

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

दिल्ली में अब डीजल चालित वाणिज्यिक वाहनों को पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (ईसीसी) देना अनिवार्य कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछले दस वर्षों से इस शुल्क पर दी गई छूट को समाप्त करते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने इसे फिर से लागू कर दिया है। इस फैसले का सीधा असर अलवर सहित एनसीआर के आसपास के जिलों से दिल्ली जाने वाले दूध, सब्जी और अन्य खाद्य उत्पादों की ढुलाई पर पड़ेगा। एमसीडी ने यह कदम प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से उठाया है। निगम प्रशासन का तर्क है कि सब्जी, फल, दूध, अनाज, अंडे, पोल्ट्री व बर्फ आदि सामान लेकर आने वाले वाहनों को जांच के दौरान रोकने से प्रदूषण फैलता है। शुल्क लागू होने से वाहन सीधे पार होंगे और इससे पर्यावरण प्रदूषण में कमी आएगी। पहले तक माल से लदे वाहनों को 100 प्रतिशत और खाली वाहनों को 50 प्रतिशत तक शुल्क में छूट मिलती थी, लेकिन अब सभी वाणिज्यिक वाहनों को पूर्ण ईसीसी देना होगा। अलवर जिले के मालाखेड़ा, बसवा, राजगढ़ और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से रोजाना करीब 25 गाड़ियां सब्जियां लेकर दिल्ली के आजादपुर, केशवपुर, गाजीपुर, ओखला, साहिबाबाद और नोएडा की मंडियों तक जाती हैं। इसके अलावा प्रतिदिन लगभग 125 गाड़ियों के माध्यम से करीब 40 हजार कट्टे प्याज दिल्ली भेजे जाते हैं। अब इन वाहनों का किराया बढ़ने से उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर महंगाई का सामना करना पड़ेगा। अलवर से दिल्ली तक बड़ी मात्रा में दूध की भी सप्लाई होती है। अलवर एनसीआर क्षेत्र में होने के कारण यहां से रोजाना हजारों लीटर दूध और डेयरी उत्पाद दिल्ली भेजे जाते हैं। नए शुल्क लागू होने से इन उत्पादों का परिवहन महंगा होगा, जिससे दिल्ली और अलवर दोनों जगह दूध व सब्जियों के दाम बढ़ने तय हैं। वहीं, अलवर में फल ज्यादातर जयपुर से आते हैं, लेकिन जयपुर से भी कई गाड़ियां दिल्ली मार्ग से होकर आती हैं। ऐसे में शुल्क का असर फलों की कीमतों पर भी पड़ेगा। परिवहनकर्ताओं का कहना है कि अगर सरकार ने इस निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया, तो आने वाले दिनों में रोजमर्रा के सामानों की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक की वृद्धि संभव है।

## अलवर को बड़ी सौगात

# बनेगा 4 किलोमीटर लंबा आधुनिक वॉक-वे ट्रैक, मुंबई-चंडीगढ़ की तर्ज पर होगा तैयार

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

अलवर शहरवासियों के लिए एक खुशखबरी है। नगर विकास न्यास (यूआईटी) अब शहर को पहला आधुनिक वॉक-वे ट्रैक देने जा रहा है। इस योजना के तहत चार किलोमीटर लंबा और दस फीट चौड़ा यह ट्रैक तैयार किया जाएगा। इसी माह इसकी तकनीकी स्वीकृति जारी कर टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस वॉक-वे को मुंबई, दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे महानगरों की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। अलवर में अब तक जनता के लिए कोई समर्पित वॉक-वे ट्रैक नहीं था। हालांकि इंदिरा गांधी स्टेडियम और आरआर कॉलेज में खिलाड़ियों के लिए रनिंग ट्रैक बने हैं, पर आम नागरिकों के लिए टहलने या दौड़ने की सुविधा नहीं थी। इसे देखते हुए यूआईटी ने यह नई पहल की है। प्रस्तावित वॉक-वे 200 फीट बाईपास सूर्य नगर से लेकर अरावली विहार तक बनाया जाएगा। यह ट्रैक सड़क के दोनों ओर बनेगा, जिससे कुल लंबाई लगभग 4 किलोमीटर होगी। ट्रैक के निर्माण पर करीब 74 लाख रुपए की लागत आएगी। सड़क के बीचोंबीच डिवाइडर बनाया जाएगा, जिसमें फूलदार पौधे लगाए जाएंगे ताकि हरियाली और सौंदर्य का माहौल बन सके। यूआईटी अधिकारियों के अनुसार, यह वॉक-वे सिर्फ टहलने या दौड़ने के लिए नहीं, बल्कि एक आकर्षक फुटपाथ के रूप में भी काम करेगा। ट्रैक पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी, ताकि लोग सुबह या देर शाम सुरक्षित रूप से इसका उपयोग कर सकें। डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि बारिश या जलजमाव की स्थिति में भी ट्रैक पर फिसलन न हो। यूआईटी इंजीनियरों का कहना है कि यह शहर का पहला ऐसा वॉक-वे होगा जो पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और सूर्य नगर, अरावली विहार फेज 1-2, सूर्य नगर विस्तार योजना सहित आसपास की कई कॉलोनियों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। यूआईटी के एक्सईएन कुमार संभव अवस्थी ने बताया कि "वॉक-वे की तकनीकी स्वीकृति इसी माह दी जाएगी और जल्द ही टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। यह वॉक-वे अलवर की जनता के लिए एक अनोखी सौगात साबित होगा।"

# जिला कलक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, आयुष्मान कार्ड व टीबी अभियान पर दिए दिशा-निर्देश



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर मिशन आकाश एवं टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की प्रगति की समीक्षा की और विभागीय योजनाओं की निगरानी कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आयोग्य (मां) योजना के तहत पैकेज बुकिंग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनवरी में 31 लाख रुपए से लेकर सितंबर में 92 लाख 13 हजार रुपए तक हुई पैकेज बुकिंग को बढ़ाकर 1 करोड़ रुपए से अधिक किया जाए, ताकि चिकित्सा संस्थानों को सुदृढ़ीकरण के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध हो सके। उन्होंने लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत पेमेंट स्थिति का फीडबैक लिया और योजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए लंबित भुगतान न रहने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा करते हुए समस्त चिकित्सा संस्थानों में मरीजों को त्वरित इलाज उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रसव सेवाओं में सुधार के लिए ब्लॉक स्तर पर कार्ययोजना बनाने और सीएचसी स्तर पर संस्थानिक डिलीवरी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। आयुष्मान योजना के तहत अब तक 84 प्रतिशत लोगों के कार्ड बनाए जा चुके हैं। जिला कलक्टर ने शेष लोगों से सेवा शिवरों में पहुंचकर कार्ड बनवाने का आग्रह किया। योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपए तक उपचार एवं 10 लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा उपलब्ध है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम (एन्क्वाश) एवं लक्ष्य सर्टिफाइड प्रोग्राम के अंतर्गत अधिक से अधिक चिकित्सा संस्थानों को सर्टिफाइड करने के प्रयास करने के भी निर्देश दिए गए। जिला अस्पताल, राजगढ़, रामगढ़, लक्ष्मणगढ़, मालाखेड़ा व रैणी सीएचसी को प्राथमिकता दी जाएगी। टीबी मुक्त अभियान के तहत आगामी तीन माह में व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग कर हर ब्लॉक में कम से कम 15 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त कराने का लक्ष्य रखा गया। इसके साथ ही निक्षय मित्र पंजीकरण व निक्षय कीट वितरण शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने नवाचार मिशन आकाश के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए 906 मैम व 67 सैम श्रेणी के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को वन-टु-वन कनेक्ट के माध्यम से पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने और कुपोषण मुक्त बनाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. छबील कुमार, आरसीएचओ डॉ. मंजू शर्मा समेत सभी बीसीएमएचओ एवं सीएचसी प्रभारी चिकित्सक उपस्थित रहे।

# लक्ष्मणगढ़ में स्वयं सेवकों का होगा पथ संचलन

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा लक्ष्मणगढ़**

लक्ष्मणगढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने और संघ शताब्दी वर्ष विजय दशमी महोत्सव के अवसर पर खण्ड लक्ष्मणगढ़ के सभी स्वयं सेवकों का पथ संचलन 5 अक्टूबर, रविवार को आयोजित होगा। संचलन दोपहर 4 बजे उपखंड अधिकारी कार्यालय के बगल स्थित खण्डेलवाल समाज के मैदान से शुरू होकर बस स्टैंड और मुख्य बाजार मार्ग से होकर पुनः उसी मैदान पर समाप्त होगा। संघ के कैलाश शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में खण्ड के सभी स्वयं सेवक भाग लेंगे और यह कार्यक्रम क्षेत्र में उत्साह और जागरूकता फैलाने का माध्यम बनेगा।

# दुष्कर्म मामले में तीन पुलिस कर्मियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

दो साल पहले नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में अलवर पुलिस द्वारा निर्दोष बताये गये तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ अब अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। विशिष्ठ न्यायालय (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम) संख्या-एक के विशिष्ठ न्यायाधीश जगेंद्र अग्रवाल ने आरोपी पुलिस कर्मियों के गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। मामले के अनुसार, पीड़िता की मां ने 23 दिसंबर 2023 को रैणी थाने में सिपाही अविनाश मीणा, राजू तथा मानसिंह जाट सहित अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि सिपाही अविनाश स्कूल समय से ही नाबालिग से दुष्कर्म करता आ रहा था। साथ ही सोशल मीडिया पर अश्लील चैट और वीडियो भेजकर बालिका को प्रताड़ित करता था। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके भाई को आर्म्स एक्ट में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी थी। मामले की जांच में थाना पुलिस ने तीनों को निर्दोष मानते हुए एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगा दी थी। पीड़िता ने इस एफआर को अपने अधिवक्ता राजेश गुप्ता के माध्यम से अदालत में चुनौती दी। सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस से आरोपियों की मोबाइल लोकेशन, कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्य मांगे। अदालत को पर्याप्त सबूत प्राप्त होने पर न्यायाधीश ने तीनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए उनकी गिरफ्तारी के आदेश जारी किए। इस आदेश से दो साल पुराने इस प्रकरण में नया मोड़ आ गया है। अब अदालत के निर्देशों के बाद पुलिस को अपने ही तीन साथियों की गिरफ्तारी करनी होगी। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रकरण में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए आगे की कार्यवाही जल्द पूरी की जाए।

## ग्रामीण सेवा शिविर से मिली रोशनी की सौगात, सुनिता को त्वरित विद्युत कनेक्शन

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल-तिजारा,**



सुनिता पत्नी हमत्त निवासी भौकर ने अपने घर पर बिजली कनेक्शन प्राप्त करने हेतु सहायक अभियंता कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन के दो दिन बाद राजस्थान सरकार द्वारा ग्राम भौकर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में ही उपभोक्ता सुनिता द्वारा आवश्यक डिमांड राशि जमा करवाकर विद्युत कनेक्शन दिया गया। शिविर में त्वरित कार्रवाई के तहत जयपुर डिस्कॉम द्वारा तत्परता से मीटर स्थापित कर दिया गया तथा उपभोक्ता के घर पर विद्युत आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं ग्रामीण सेवा शिविर की प्रभावी कार्यवाही से सुनिता को कम समय में बिजली सुविधा प्राप्त हुई, जिससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिली।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजयदशमी उत्सव



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटकासिम**

खैरथल तिजारा जिले के कोटकासिम कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड कोटकासिम के कोटकासिम मंडल में विजयादशमी उत्सव सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद नागा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। उत्सव का शुभारंभ विधिवत रूप से शस्त्र पूजन कर किया गया, उत्सव के मुख्य वक्ता राजस्थान क्षेत्र के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉक्टर श्री कांत रहे। उन्होंने कहा कि संघ की इस 100 वर्षों की यात्रा में संघ ने समाज मैं फैली हुई अनेक प्रकार की बुराइयों को दूर कर समाज को सबल बनाने के लिए समाज का जागरण करने के लिए पिछले 100 वर्षों से संघ लगा हुआ है। आगामी विजयादशमी से संघ शताब्दी वर्ष प्रारंभ हो रहा है, इस शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन का लक्ष्य लेकर संघ समाज के साथ मिलकर के समाज को एकजुट करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। कार्यक्रम में सह जिला कार्यवाह यशवन्त सिंह, जिला कार्यकारिणी के विजय सिंह, मनोज योगी, खंड कार्यवाह चंद्रशेखर सह खंड कार्यवाह आशीष आदि सहित समाज के अनेक प्रबुद्ध लोग उपस्थित।

## विनायक एज्यूकेशन कैम्पस नायला में डांडिया महोत्सव सम्पन्न

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा तिजारा**



नायला 4 अवटूबर 2025 को श्री विनायक कैम्पस में मां भगवती के अराधना पर्व नवरात्री पर डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति रामप्यारी देवी थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं संस्था के चैयरमैन डॉ विमल मीणा ने मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। रंगारंग कार्यक्रम में श्री विनायक ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के विभिन्न विभागों एवं संकायों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुती दी। डीजे की धुन पर संगीत एव नृत्य के साथ सम्पूर्ण परिवेष का वातावरण भक्त मय उल्लाल उमंग से भर गया। विद्यार्थियों ने एकल व सामुहिक प्रस्तुतियां दी। इनमें प्रमुख आयो रे शुभ दिन-1 'शुभारंभ बरसो रे नगाड।' आदि पर नृत्य उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी एवं निदेशिका डॉ. मंजू मीणा के नेतृत्व में सामूहिक डॉडिया नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का अत्यधिक आनन्द लिया। अपने वक्तव्य व उपस्थिति से श्रीमती रामप्यारी देवी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. विमल कांवट ने इस प्रकार के कार्यक्रमों के अधिकाधिक आयोजन पर बल दिया। उन्होंने अपने सम्बोधन में इस प्रकार के कार्यक्रमों के सन्देश सामाजिक, समरसता, भक्ति पूर्ण माहौल व सामूहिकता की भावना के विकास पर बल दिया। उन्होने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में नवीन उर्जा एवं उमंग का संचार कर उन्हें अध्ययन के लिए प्रेरित करते है। कार्यक्रम में डॉ दीपक भारद्वाज,राजेश गुप्ता, डॉ. मीरा बाई शर्मा, डॉ. संगीता शर्मा, डॉ वैभव आहुजा एवं डॉ. संदीप कुमार आदि व सभी स्टॉफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार शर्मा एवं प्रशिक्षाणार्थी खुशी शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अन्त में सभी मंचासीन अतिथियों एवं आगन्तुको का प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नाबालिग का दूसरी बार अपहरण, पुराने फरार आरोपियों पर शक

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा तिजारा**



भिवाड़ी पुलिस जिले के जेरोली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के दूसरी बार अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने जेरोली थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें पहले अपहरण और बलात्कार मामले के फरार आरोपियों पर ही दोबारा साजिश रचकर बेटी को अगवा करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है।शिकायत के अनुसार, 21 सितंबर 2025 को सुबह नाबालिग बेटी शौच के लिए घर से बाहर गई थी, तभी उसका अपहरण कर लिया गया। पिता का दावा है कि पुराने मामले के आरोपी, जो फरार हैं, बदला लेने और राजीनामा के दबाव के लिए यह कदम उठा रहे हैं। इससे पहले 11 अगस्त 2025 को भी नाबालिग का अपहरण और बलात्कार हुआ था, जिसकी एफआईआर पीड़िता के भाई ने दर्ज कराई थी। पहले मामले में माजिद पुत्र सहाबुदीन, मोमिन पुत्र रमजान, कय्यूम, शाकिर पुत्र ईसब और अजरू पुत्र इसरा मेव पर अपहरण व बलात्कार का आरोप था। ये सभी आरोपी फरार हैं और परिवार पर समझौते का दबाव बना रहे थे। पिता ने बताया कि इस रंजिश के कारण वे स्वयं जेल में थे और 29 सितंबर को जमानत पर रिहा हुए। घर लौटने पर उन्हें बेटी के गायब होने की जानकारी मिली।पुलिस ने IPC की धारा 363, 366 और POCSO एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और गवाहों से पूछताछ के आधार पर छापेमारी शुरू की गई है। नाबालिग का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पीड़ित परिवार ने तत्काल कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

## प्रभु श्री राम के राजतिलक के साथ रामलीला मंचन का धूमधाम के साथ हुआ समापन



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा तिजारा**

श्री रामलीला मैदान तिजारा में सार्वजनिक श्री रामलीला कमेटी के द्वारा 15 दिन से चल रहे श्री रामलीला महोत्सव कार्यक्रम का 3 अक्टूबर शुक्रवार को प्रभु श्री राम के राजतिलक की लीला मंचन के साथ समापन किया गया। इससे पहले श्री राम की सवारी निकाली गई जिसमें लोग ढोल नगाड़े के साथ नाचते - कूदते तथा श्री राम के जयकारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। कमेटी के अध्यक्ष मंगतूराम सैनी ने बताया कि श्री राम की सवारी रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर भरत मिलाप चौक मैन बाजार पहुंची जहां श्री राम - भारत मिलाप की लीला का मंचन किया गया। दर्शकों ने पुष्प वर्षा कर तथा श्री राम के जयकारे लगाकर सारा वातावरण भक्ति मय बना दिया। तिजारा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर सैनी , बने सिंह विधूड़ी , कपिल अग्रवाल , कैलाश अग्रवाल , संजय जैन अरुण सिंघल , पार्षद अनिल सैनी आदि अतिथि के रूप में मौजूद रहे। गिर्राज प्रसाद लोहिया परिवार की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई तथा दर्शकों को प्रसाद वितरित किया गया। मंच पर भगवान प्रभु श्री राम के राजतिलक की लीला का मंचन किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री राम की आरती की गई। इंदर सिंह दहिया के संचालन में कलाकारों ने अपनी पूरी निष्ठा व समर्पित भावना से अपने पात्रों को निभाया। राहुल सैनी , योगेश सोनी, चिराग सैनी , एडवोकेट सुल्तान सिंह , कैलाश सैनी , सूरज सैन , कैलाश सैनी , हिमांशु कटारिया , लक्की माथुर , शुभम जांगिड़ , कार्तिक , पुरुषोत्तम आदि कलाकारों ने अपनी भूमिका के अनुरूप अभिनय कर दर्शकों का मन मोह लिया।

रामलीला कमेटी की ओर से सभी कलाकारों को माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कलाकारों की मेहनत की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की। इस बार रामलीला मंचन आयोजन बहुत ही यादगार रहा जिसकी सफलता की हर और चर्चा रही। इस बार के रामलीला आयोजन में प्रतिदिन दर्शकों की भारी भीड़ रही जिसने पुराने कई वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। लगभग सौ वर्षों से चली आ रही बस्ती की इस रामलीला मंचन को प्रशासन द्वारा अधिकृत किया जाता है जिससे लोगों में काफी उत्साह रहता है। निर्देशक ठाकुर सिंह पालीवाल , हरिओम सैनी , महावीर पत्रकार , जसवंत सैनी, जितेंद्र जीतू , राजू आडवाणी , राहुल , अमित राजोरिया , पूरणमल सैन , राजू मंगल , सोनू सैनी आदि सभी पदाधिकारी , कार्यकर्ताओं ने अपनी व्यवस्था को बखूबी निभाया। सफल आयोजन के लिए सभी ने एक दूसरे को बधाई दी। रामायण वाचक पंडित टेकचंद शर्मा व मथुरा के कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। रामलीला मंचन के माध्यम से मर्यादा , सत्य और धर्म के प्रतीक दशहरे के भावना अवसर पर प्रभु श्री राम के आदर्शों को घर-घर तक पहुंचाने तथा समाज को एक नई दिशा देने का काम किया जाता है।


## इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय में प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा मुंडावर**



मुंडावर उपखंड स्थित इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय में प्रतिभावान छात्राओं को राजस्थान सरकार एवं कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय कालीबाई भील मेघावी स्कूटी योजना के अंतर्गत स्कूटी वितरित की गई। स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्राओं किट्टू यादव, दरबारपुर और रितिका कुमारी, अजरका को महाविद्यालय प्रबंध समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि भारतीय बालिकाओं में अपार क्षमता और सामर्थ्य विद्यमान है, यदि इन छात्राओं को सही समय पर सही मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए, तो ये किसी भी उच्चतम मुकाम को प्राप्त कर सकती हैं। इस अवसर पर ज्योति पहाटिया, रितु शर्मा, पायल शर्मा, अंशु मेघवाल, अनुप्रिया सांवरिया, काजल यादव, मुस्कान यादव, फाल्गुनी शर्मा, कॉलेज प्राचार्य डॉ. डी. आर. शर्मा, सहायक प्रोफेसर प्रेमलता शर्मा, अनीता चौधरी, नेहा चौधरी एवं नीतू चौधरी सहित अनेक विद्वानों के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए।



# स्वदेशी एवं स्वावलम्बन ही नये भारत का आधार


ललित गर्ग

**संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना महोत्सव यानी प्रत्येक वर्ष विजयदशमी के अवसर पर संघ प्रमुख का उद्बोधन एक नए संदेश और नये दृष्टिकोण के साथ सामने आता है, इस उद्बोधन का पूरा राष्ट्र इंतजार करता है। इस बार संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई ऐसी बातें कहीं, जो सरकार के साथ समाज के लोगों का ध्यान खींचने वाली हैं। इस पर आ र्य नहीं कि उन्होंने अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से भारत पर थोपे गए टैरिफ की चर्चा की। 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ ने भारत के समक्ष जो कठिन चुनौती खड़ी कर दी है, उसका प्रभावी ढंग से सामना स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही किया जा सकता है। भागवत ने संबोधन में स्वदेशी और स्वावलंबन को नए भारत का आधार बताया है। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में परस्पर निर्भरता एक स्वाभाविक स्थिति है, लेकिन यह निर्भरता कभी भी बंधन या मजबूरी में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए। भारत को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा ताकि विदेशी निर्णयों और नीतियों पर हमारी नियंत्रण क्षमता सीमित न हो जाए। उनका कहना था कि स्वदेशी का अर्थ यह नहीं है कि हम दुनिया से कट जाएं, बल्कि यह है कि हम अपनी शर्तों पर और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंध बनाएं।

संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष सम्पूर्णता की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है, नए मनुष्य एवं सशक्त-स्वावलम्बी भारत का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति एवं सशक्त राष्ट्रीय भावना में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है।




भागवत ने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक दृष्टि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन मूल्यों से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने विविधता को भारत की विशेषता बताया और समाज में विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर चेताया। उन्होंने पंच परिवर्तन की संकल्पना भी प्रस्तुत की जिसमें आत्मजागरूकता, पारिवारिक मूल्य, नागरिक अनुशासन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को जोड़ा गया है। इस संदेश के सकारात्मक पक्ष अनेक हैं। यदि इसे गंभीरता से अपनाया जाए तो यह देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई दिशा दे सकता है। स्थानीय उद्योगों, हस्तशिल्प और कृषि को बढ़ावा देने से रोजगार का सृजन होगा और आर्थिक आत्मसम्मान मजबूत होगा। स्वदेशी पर बल देने से विदेशी निर्भरता घटेगी और देश की सुरक्षा व नीति संबंधी स्वतंत्रता बढ़ेगी। यदि समाज के स्तर पर भी इस सोच को अपनाया जाए तो उपभोक्तावाद के स्थान पर संवेदनशीलता और सेवा भाव विकसित होगा। विविधता के सम्मान और सामाजिक सद्भाव के आग्रह से राष्ट्र अधिक एकजुट और शक्तिशाली बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जिस आत्मनिर्भर भारत का आ ान कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है। यह संदेश देश की घरेलू क्षमताओं को सशक्त बनाने, आयात पर निर्भरता घटाने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ विकास की दिशा को व्यापक सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ता है, जिसमें महात्मा गांधी की स्वदेशी अपनाओ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की परिकल्पना स्पष्ट तौर पर समाहित है।

स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही नया भारत-सशक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है। इस बात को सरकार भी रेखांकित कर चुकी है और अब संघ प्रमुख ने भी दोहरा दिया। यह समय की मांग है कि स्वदेशी और स्वावलंबन पर तब तक बल दिया जाए, जब तक वांछित सफलता न मिल जाए। जहां सरकार को स्वदेशी की राह को आसान करना होगा, वहीं समाज को सहयोग देने के लिए तत्पर रहना होगा। इस उम्मीद में नहीं रहा जाना चाहिए कि अमेरिका के साथ शीघ्र ही आपसी व्यापार समझौता हो जाएगा। एक तो जब तक ऐसा हो न जाए तब तक चैन से नहीं बैठा जा सकता और दूसरे, यदि ऐसा हो जाए तो भी भारत को स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलना छोड़ना नहीं चाहिए। व्यापारिक साझेदारों पर निर्भरता लाचारी में नहीं बदलनी चाहिए। वास्तव में इस स्थिति से बचने का ही उपाय है स्वदेशी उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना। परंतु इस संदेश के साथ कई चुनौतियां और सीमाएं भी जुड़ी हुई हैं। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था इतनी आपस में गुँथी हुई है कि किसी भी देश का पूर्ण स्वावलंबन व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। अनेक तकनीकें और कच्चे माल अब भी हमें विदेशों से ही प्राप्त करने होते हैं। यदि स्वदेशी को बढ़ावा देने के नाम पर विदेशी व्यापार पर प्रतिबंध या अधिक शुल्क लगाए जाते हैं तो यह व्यापार युद्ध और आर्थिक तनाव को जन्म दे सकता है। इस संदेश की सफलता केवल भाषणों और भावनात्मक नारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि ठोस नीतियों, बजट, शोध और योजनाओं के आधार पर इसे अमल में लाना होगा।

सामाजिक दृष्टि से भी यह आवश्यक है कि स्वदेशी और स्वावलंबन का नारा केवल एक सांस्कृतिक या राजनीतिक रंग में न ढल जाए। यह तभी कारगर होगा जब इसे हर वर्ग, हर धर्म और हर क्षेत्र का साझा लक्ष्य बनाया जाएगा। नागरिकों की आदतों और व्यवहार में बदलाव लाना आसान नहीं है, लेकिन यदि यह बदलाव शिक्षा, प्रोत्साहन और जनचेतना के माध्यम से लाया जाए तो यह नारा समाज में गहरी जड़ें जमा सकता है। संघ प्रमुख का यह संदेश नए भारत की दिशा में प्रेरणा का स्रोत है। यह हमें बताता है कि हमें अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति पर गर्व करना चाहिए, वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त होना चाहिए और विश्व के साथ संवाद स्थापित करते हुए भी अपनी स्वायत्तता को बनाए रखना चाहिए। किंतु इसके लिए आलोचनात्मक विवेक, व्यावहारिक सोच और निरंतर समीक्षा की आवश्यकता है। आज विभिन्न देशों की परस्पर मित्रता का आधार अपने-अपने आर्थिक-कूटनीतिक हित हैं। इन स्थितियों में सर्वोत्तम उपाय स्वदेशी को बल देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाना है। आज की वैश्विक परिस्थितियों पर दृष्टि डालें तो भागवत के विचार और भी प्रासंगिक हो उठते हैं। दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन-शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन-दर्शन दे सकता है।

## संपादकीय

### मौत का सिरप

कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिये दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निमार्ता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिये दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। जबकि इस मामले में जांच चल रही है, यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। खासकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में प्रमुख रूप से उल्लेखित है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही जीएमपी यानी गुड मैन्युफै रिंग प्रैक्टिसेज के संशोधित शेड्यूल एम मानकों के तहत अपग्रेड करने के लिये पंजीकृत हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जनस्वास्थ्य के प्रति कितनी गैरजिम्मेदार स्थिति है। जबकि हकीकत यह है कि फार्मास्यूटिकल इकाइयों को अपग्रेड करने की समय सीमा कई बार बढ़ाई गई है। यह नियामक तंत्र की कमजोरियों और छोटी फर्मों में सुरक्षित प्रक्रियाओं में निवेश करने की अनिच्छा को ही उजागर करती है। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिये यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा। विडंबना यह है कि अतीत में भी ऐसी कई त्रासदियां हुई हैं, लेकिन हमारे तंत्र ने इससे कोई सबक नहीं सीखा। हालांकि शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को परामर्श जारी किया है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाइयां नहीं दी जाएं। वर्ष 2020 में भी एक ऐसी त्रासदी सामने आई थी, लेकिन कुछ दिन के शोर के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। विडंबना देखिए कि मृत बच्चों के परिजन आज भी न्याय की प्रतीक्षा में आंसू बहा रहे हैं। हकीकत यह है कि ऐसी मौतों की जिम्मेदारी तय करने में लगातार देरी होती रहती है। ऐसे हादसों को या तो कमतर दशार्या जाता है या फिर पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाता है।

# जरूरी है राष्ट्र निमार्ता के रूप में शिक्षकों का सम्मान



श्वेता गोयल

एक ओर जहां भारत में द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर 5 सितम्बर को 'शिक्षक दिवस' मनाया जाता है, वहीं दुनिया के अनेक देश 5 अक्तूबर को 'विश्व शिक्षक दिवस' मनाते हैं और इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में दुनियाभर के देशों में तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल किसी भी देश के विकास की कल्पना शिक्षा के बिना बेमानी ही है, इसीलिए दुनियाभर के शिक्षकों के महत्व और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए ही विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस मनाने का मूल उद्देश्य विश्वभर में शिक्षण और शिक्षकों के मूलभूत मुद्दों पर चर्चा करना है। वर्ष 1960 के आसपास करीब सभी देशों में शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जिसके लिए 5 अक्तूबर 1966 को 'टीचिंग इन फ्रीडम संधि' को मूर्त रूप दिया गया। इसमें दुनियाभर के शिक्षकों की स्थिति को सुधारने और उन्हें जागरूक करने के लिए एक समझौता पारित किया गया। दरअसल 5 अक्तूबर 1966 को पेरिस में एक कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था, जिसमें शिक्षकों के अधिकार और जिम्मेदारी सहित उनसे संबंधित कई मुद्दों पर यूनेस्को तथा अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की सिफारिशों को यूनेस्को द्वारा अपनाया गया था। यूनेस्को और आईएलओ की उस बैठक में शिक्षकों के अधिकारों, जिम्मेदारियों, रोजगार और शिक्षा के लिए दिशा-निर्देश बनाने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसके बाद शिक्षक दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने के लिए 1994 में 100 देशों के समर्थन के साथ संयुक्त राष्ट्र में यूनेस्को की इन सिफारिशों को पारित कर दिया गया। उसी के बाद 5 अक्तूबर 1994 से विश्व शिक्षक दिवस की शुरूआत हुई और तभी से प्रतिवर्ष 5 अक्टूबर को इसे विश्व शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष पूरी दुनिया 31वां विश्व शिक्षक दिवस मना रही है।

यूनेस्को द्वारा विश्व शिक्षक दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक थीम निर्धारित की जाती है और विश्व शिक्षक दिवस 2025 का आधिकारिक विषय है 'शिक्षण को एक सहयोगात्मक पेशे के रूप में पुनः स्थापित करना'। यूनेस्को का मानना है कि पूरी दुनिया को इस समय वैश्विक स्तर पर शिक्षकों की अभूतपूर्व कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो उनकी कामकाजी परिस्थितियों और स्थिति में गिरावट के कारण और भी गंभीर हो गई है। 2022 में विश्व शिक्षक दिवस 'शिक्षा का परिवर्तन शिक्षकों से शुरू होता है' थीम के साथ मनाया गया था। दरअसल वैसे तो व्यक्ति जीवनभर सीखता रहता है लेकिन शिक्षक के बिना सही ज्ञान नहीं मिलता, इसीलिए शिक्षक दिवस का विशेष महत्व होता है। 5 अक्तूबर के दिन विश्वभर में 100 से भी ज्यादा देशों में विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर तरह-तरह के आयोजन किए जाते हैं। प्रत्येक देश में इस दिन का अपने-अपने तरीके से स्वागत किया जाता है। कई देशों में तो इस दिन सार्वजनिक अवकाश भी रखा जाता है लेकिन वहां अवकाश के इन पलों को लोग अपने शिक्षकों के साथ किसी न किसी रूप में शेयर करते हैं। सही मायनों में विश्व शिक्षक दिवस महज सार्वजनिक अवकाश नहीं बल्कि एक वैश्विक उत्सव है।

हालांकि भारत सहित कुछ देश ऐसे भी हैं, जहां शिक्षक दिवस मनाए जाने की तारीख अलग-अलग हैं लेकिन सभी का उद्देश्य एक ही है। चीन में कन्फ्यूशियस के जन्मदिन के अवसर पर 27 अगस्त 1939 को शिक्षक दिवस मनाना आरंभ किया गया था किन्तु 1951 में यह घोषणा वापस ले ली गई और 1985 से 10 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा। रूस में 1994 से 5 अक्तूबर को ही शिक्षक दिवस मनाया जाता है किन्तु 1965 से 1994 तक अक्तूबर माह के पहले रविवार को यह दिवस मनाया जाता था। ईरान में 2 मई 1980 को प्रोफेसर अयातुल्लाह मोतेर्जा मोतेहारी की हत्या के बाद उसी दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। मलेशिया में शिक्षक दिवस को 'हरि गुरू' के नाम से जाना जाता है, जो 16 मई को मनाया जाता है। वहां 16 मई 1956 को रजाक रिपोर्ट स्वीकृत हुई थी, जिसके आधार पर वहां शिक्षा प्रणाली का चयन हुआ था। उसी दिन को बाद में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। थाईलैंड में 1957 से ही प्रतिवर्ष 16 जनवरी को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उस दिन वहां सभी स्कूलों में अवकाश रहता है। तुर्की में यह दिवस 24 नवम्बर को जबकि अमेरिका में 6 मई को मनाया जाता है और इस उपलक्ष्य में माह के पहले सप्ताह में पूरे सप्ताह तक आयोजन होते हैं।

आस्ट्रेलिया में शिक्षक दिवस अक्तूबर महीने के अंतिम शुक्रवार को मनाया जाता है जबकि अर्जेन्टीना में इस दिवस का आयोजन डोमिनो फास्टिनो सामिएटो की मृत्यु के दिन 11 सितम्बर को किया जाता है। वियतनाम में 1958 में 20 नवम्बर को पहली बार यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय शिक्षकों के घोषणा पत्र के रूप में मनाया गया था और 1982 में इसे पुनः नामांकित कर वियतनामी शिक्षक दिवस के रूप में घोषित किया गया। पेरू में 6 जुलाई 1953 को वहां के राष्ट्रपति मैनुएल ए आड्रिया ने एक अध्यादेश पारित कर इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में घोषित



किया था जबकि पाकिस्तान में यह अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के दिन 5 अक्तूबर को ही मनाया जाता है। चिली में 16 अक्तूबर को शिक्षकों के कॉलेज की स्थापना हुई थी, उसी उपलक्ष्य में वहां 16 अक्तूबर 1977 से इसी दिन शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा जबकि ब्राजील में शिक्षक दिवस का आयोजन 15 अक्तूबर को किया जाता है। दरअसल 15 अक्तूबर 1827 को वहां पेड्रो ने प्राथमिक शिक्षा को नियंत्रित किया था लेकिन अधिकारिक रूप में 15 अक्तूबर को ही शिक्षक दिवस मनाने के लिए मान्यता 1963 में मिली थी। बहरहाल, यूनेस्को का कहना है कि 5 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस घोषित करने से दुनियाभर में सेवारत तमाम शिक्षकों को उनके द्वारा शिक्षा और विकास के क्षेत्र में दिए जा रहे अहम योगदान से लोगों को अवगत कराया जाता है, जिससे आम लोगों को शिक्षकों के बारे में और अधिक समझने का अवसर मिलता है।

(लेखिका डेढ़ दशक से अधिक समय से शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय हैं)

(यह लेखिका के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## चिंतन-मनन

### गुरु तत्व का सम्मान

जब भी तुमने बदले में किसी आशा के बिना किसी के किए कुछ भी किया हो, किसी को कोई सलाह दी हो, लोगों का मार्गदशर्न किया हो, उन्हें प्रेम दिया हो और उनकी देख-भाल की हो, तब तुमने गुरु की भूमिका निभाई है। गुरु तत्व सम्मान करने की और विश्वास करने की चीज है। तुम्हारे आस पास कितने लोग हैं जो सब के मूड, भावनाओं और दोषारोपण के बीच अटके हुए हैं। लेकिन अगर तुम्हारे पास गुरु हैं तो तुम्हें इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा भी तो वह कुछ मिनटों से ज्यादा टिकने वाला नहीं। जब व्यक्ति गुरु तत्व के इस सिद्धांत के साथ चलता है, तब सभी सीमाएं गिर जाती हैं और वह आस पास के सभी व्यक्तियों और सारे ब्र ांड के साथ एक होने का अनुभव करने लगता है। जब यह ज्ञान प्रकट होता है, दुःख गायब हो जाता है और आत्म-ग्लानि के लिए कोई स्थान नहीं रहता। अगर तुम्हारे भीतर आत्म-ग्लानि है, तो इसका अर्थ है अभी तक तुम गुरु तक आए नहीं हो। गुरु तक आने का अर्थ है श्रद्धा होना कि गुरु हमेशा हमारे साथ है। इसका अर्थ है हमें जो भी चाहिए वो होगा और हमें रास्ता दिखाया जाएगा। जीवन में शांति सुनि त करने का सबसे अच्छा रास्ता साधना, सत्संग, आत्म-चिंतन और भक्ति द्वारा गुरु के निकट रहना है। इससे यह भी सुनि त होगा कि तुममें आध्यात्मिकता मजबूत हो। हालांकि जब तुम शारीरिक रूप से गुरु के निकट नहीं हो पाते, तब भी मन और आत्मा से तुम गुरु के निकट हो सकते हो। जब व्याकुलता बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तब समर्पण में आसन पाओ। गुरु या ईश्वर को समर्पण कर दो। गुरु को उनके शारीरिक रूप और व्यक्तित्व से परे देखो। ईश्वर, आत्मा और गुरु में कोई अंतर नहीं है। गुरु तुम्हारे असली स्वभाव का ही प्रतिबिम्ब है और तुम्हें आत्मा में वापस अग्रसर करने के लिए मार्गदशर्क है। अपनी लगन, श्रद्धा और वचनबद्धता से तुम स्पष्ट रूप से देख सकते हो कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, जिस पल तुम गुरु को गुरु मान लेते हो, उनके सभी गुण प्राप्त करना संभव हो जाता है। एक बार जब गुरु उपाय बन जाते हैं, तुम जीवन में कभी पराजित नहीं होते। गुरु के लिए भक्ति काफी है। गुरु यहां तुम्हारे लिए हैं और तुम्हारे अच्छे और बुरे समय के दौरान तुम्हारे साथ हैं। तुम अकेले नहीं हो तो गुरु को ढूंढ़ निकालो और स्वाभाविक रूप से जियो और प्रेम और आनंद में खुशी मनाओ।

# भारत को पीओके की पुकारः पाकिस्तान के अत्याचारों से मुक्ति


दिलीप कुमार पाठक

धर्म के नाम पर पाकिस्तान की स्थापना हुई थी, यही कारण है कि आजतक पाकिस्तान राजनीतिक रूप से स्थायी नहीं है, कोई न कोई बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम होता ही रहता है' बांग्लादेश, अफगानिस्तान के अलगाव के बाद पीओके यानि पाक अधिकृत कश्मीर में हमेशा पाकिस्तान से अलग होने की आवाजें बुलन्द होती रहती हैं' अभी कुछ महीनों पहले अपनी आवाज दुनिया तक पहुंचाने के लिए वहाँ के विद्रोही लोगों ने ट्रेन हाईजैक कर लिया था, खासी मुठभेड़ के बाद पाकिस्तान की सेना ने वहाँ की विरोधी आवाजों का दमन कर दिया था' पाकिस्तानी सेना ने अब तब पीओके पर दमनपूर्वक जबरन कब्जा कर रखा है, अन्यथा वहाँ कई बार भारत में विलय एवं जनमत संग्रह की मांगें उठती रहती हैं' अब देखना यह है कि पाकिस्तानी सेना कब तक इन आवाजों को दबा पाती है' अभी हाल फि लहाल पीओके में विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से बिजली संकट, महंगे बिल, इंटरनेट ब्लैकआउट, मानवाधिकार उल्लंघन, और आर्थिक उपेक्षा के खिलाफ शुरू हुआ है' जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी इन प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रही है' पाकिस्तानी



नेतृत्व पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जनता की बुनियादी जरूरतों को भी पूरा करने में फेल साबित हो रहा है' पाक अधिकृत कश्मीर में स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तानी सेना का अत्याचार अब संयुक्त राष्ट्र तक तक पहुंच गया है' वैसे भी पीओके पर जुल्म इतना बढ़ गया है कि वहाँ की चीखें पूरी दुनिया में सुनाई देने लगी हैं, वो तो भारत सरकार की नीतियों की विफलता है अन्यथा अब तक पीओके भारत का हिस्सा बन चुका होता' देश जमीन के टुकड़ों पर नहीं बनता बल्कि देश में रहने वाले लोगों के कारण देश बनता है, जहां पाकिस्तान मानवीय मूल्यों को ताक पर रखकर जबरदस्ती लोगों पर राज करना चाहता है, हालांकि अब बड़ा कठिन सा प्रतीत हो रहा है' पीओके के राजनीति दलों ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से मांग की है कि वठ तुरंत यहां दखल दे और यहां की जनता को पाकिस्तानी सेना के अत्याचार से बचाए' 29 सितंबर से चल रहे नागरिकों के प्रदर्शन में अब तक 12 लोग मारे जा चुके हैं' एक जान की भी कीमत होती है, पाकिस्तान की सेना को इसका खामियाजा जरूर भुगतना होगा'

स्विटजरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद 60वें सेशन के दौरान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की पार्टी (यूनाइटेड कश्मीर पीपुल नेशनल पार्टी) ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि पाकिस्तान को कश्मीरियों को मारने, हमारी जमीन और हमारे संसाधनों पर कब्जा करने, हमारे लोगों पर अत्याचार करने और उन्हें खत्म करने का कोई हक नहीं है' पीओके के स्थानीय नेता इस मुद्दे को पूरी दुनिया के सामने लेकर आए हैं, हालांकि उन्होंने कितना शोषण, दमन झेला है, इसकी कल्पना करना भी असहनीय पीड़ा को सहन करने जैसा है' यूनाइटेड कश्मीर पीपुल नेशनल पार्टी के प्रवक्ता सरदार नासिर अजीज खान ने जिनेवा में कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर में कई लोग गायब हो गए हैं, परंतु हाल ही में कश्मीर में जो हो रहा है, उससे लोग अपनी जान को लेकर चिंतित हैं क्योंकि 29 सितंबर से अब तक 12 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है' नासिर ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान यहां के लोगों पर क्रूर बल प्रयोग कर रहा है और प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलियां चला रहा है जिससे लोग मारे जा रहे हैं' सैकड़ों लोग जेल में हैं और उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है' उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में इस अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के जमावड़े के माध्यम से हम आग्रह करते हैं कि संयुक्त राष्ट्र उन कश्मीरियों की जान बचाने के लिए हस्तक्षेप करे जो पाकिस्तानी कब्जे में रह रहे हैं' कश्मीरियों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने इस्लामाबाद प्रेस क्लब में इस मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस के एक्शन की निंदा की' पीओके पर पाक सेना को कश्मीरियों को मारने, जमीन और संसाधनों पर कब्जा करने और उन लोगों पर अत्याचार करने और उन्हें खत्म करने का कोई हक नहीं है' निरन्तर विरोधी आवाजें गूँज रही हैं' 2 अक्टूबर 2025 पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी के सदस्य इस्लामाबाद प्रेस क्लब के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे इस दौरान पुलिस प्रेस क्लब में घुस गई, पुलिस ने प्रदर्शन बल पूर्वक कुचलने के लिए क्लब के अंदर घुसकर पत्रकारों और स्टाफ पर लाठीचार्ज किया, कैफेटेरिया को तोड़ा-फोड़ा, कैमरे और मोबाइल फोन तोड़े और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया' वीडियो फुटेज में पुलिस को पत्रकारों को घसीटते और पीटते हुए दिखाया गया है' यह घटना पीओके में चल रहे पांचवें दिन के विरोध प्रदर्शनों के बीच हुई, जहां बाजार बंद हैं और इंटरनेट कटा हुआ है' इस मुद्दे पर भारत को दखल देते हुए पाकिस्तान को कड़ा संदेश देना चाहिए कि पीओके पर जुल्म खत्म हो, भारत सरकार को बांग्लादेश की तरह इसका हल निकालना होगा, पूरी दुनिया पीओके की स्थिति से वाकिफ है, हालांकि यूएनओ कुछ नहीं कर पाएगा, अब तो भारत को ही इसका हल निकालना होगा' पीओके की जनता भारत के साथ विलय चाहती है' पाकिस्तान को सबक सिखाने का भरपूर मौका है, जो भारत को गंवाना नहीं चाहिए'

## ग्रामीण सेवा शिविर में किसान हरफूल को मिली राहत

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

सेवा पर्व पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को ग्राम कंवरपुरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में किसान हरफूल दत्तक पुत्र देड़ाराम के लिए राहत का मार्ग प्रशस्त हुआ। हरफूल के राजस्व अभिलेखों में उनके पिता का नाम नंदाराम दर्ज था, जबकि सही विवरण देड़ाराम था। यह संशोधन उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली के न्यायालय में विचाराधीन था। शिविर में विधायक हंसराज पटेल की उपस्थिति में एसडीएम बृजेश चौधरी और तहसीलदार रामधन गुर्जर ने आवश्यक राजस्व कार्यवाही करवाई। गिरदावर पनियाला और पटवार हल्का कंवरपुरा भी मौके पर पहुंचे और पूरी प्रक्रिया की जांच की। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा नाम सुधार संबंधी किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं दर्ज की गई। इस प्रकार सभी की उपस्थिति में विवाद का शांतिपूर्ण निस्तारण हुआ। कृषक हरफूल दत्तक पुत्र देड़ाराम ने राज्य सरकार, विधायक हंसराज पटेल और जिला प्रशासन को समाधान सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल, दो जयपुर रैफर



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

क्षेत्र में शनिवार को बाइकों से हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार युवक घायल हो गए। राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय ट्रॉमा सेंटर के नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि द्वारिकपुरा के पास बाइक फिसलने से बानसूर के भूपसेड़ा निवासी देवराज (15) पुत्र महेष और भूपेंद्र (22) पुत्र अत्तर सिंह घायल हो गए। उनका अस्पताल में उपचार जारी है। इसी प्रकार कस्बे के बानसूर रोड पर धर्म कांटा से आगे बाइक फिसलने के कारण हरियाणा के नांगल चौधरी निवासी हेमंत (20) पुत्र संजय और कस्बे के श्याम नगर निवासी सोनू (24) पुत्र सुभाष सैनी घायल हो गए। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें जयपुर रैफर किया गया है।

## कॉलेजों में खाली सीटों पर 7 अक्टूबर तक कर सकेंगे आवेदन

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

अलवर जिले के आर्ट्स कॉलेज व कॉमर्स कॉलेज में स्नातकोत्तर कक्षाओं में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी 7 अक्टूबर तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आर्ट्स कॉलेज प्रशासन के अनुसार एमए प्रीवियस कक्षा में अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, दर्शनशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, लोक प्रशासन, संस्कृत एवं समाजशास्त्र विषयों में विभिन्न वर्गों की सीटें रिक्त हैं। वहीं, कॉमर्स कॉलेज में एमकॉम पूर्वाद्ध एबीएसटी, बीएडीएम तथा ईएएफएम विषयों में भी कुछ सीटें खाली हैं, जिन पर अभ्यर्थियों को आवेदन का अवसर दिया जा रहा है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन 9 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसके बाद प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 10 अक्टूबर को निर्धारित किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया के तहत चयनित विद्यार्थियों को निर्धारित समयावधि में मूल प्रमाण पत्रों के साथ कॉलेज में उपस्थिति देकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कराना होगा।

## जमीनी विवाद में चली लाठियां, एक युवक गंभीर घायल

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बानसूर**

लाडपुर गांव में रविवार दोपहर जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद कोटपूतली रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, लाडपुर निवासी गिर्राज यादव अपने खेत में पानी दे रहे थे, तभी उनके ही परिवार के कुछ सदस्य मौके पर पहुंचे और पुराने जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान गिर्राज को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों ने घायल गिर्राज को तत्काल हरसौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बानसूर उप जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर गिर्राज को कोटपूतली रेफर कर दिया। परिजनों का कहना है कि जमीन के बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। कई बार समझौता होने के बावजूद दूसरा पक्ष मानने को तैयार नहीं है, जिससे आए दिन तनातनी बनी रहती है। रविवार को उसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही हरसौरा पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी फिलहाल मौके से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

## खेत में पानी देते समय करंट लगने से किसान की मौत

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नीमराना**

मांढण तहसील के महतावास गांव में शनिवार सुबह खेत में पानी देते समय करंट लगने से किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान 36 वर्षीय उदयभान पुत्र वीर सिंह यादव के रूप में हुई है। थानाधिकारी रामकिशोर शर्मा ने बताया कि उदयभान अपने खेत में फव्वारा पाइप से सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान पाइप ऊपर से गुजर रही उच्च क्षमता की विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे उसे जोरदार करंट लगा। ग्रामीणों की मदद से उसे तुरंत मांढण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना से गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइनों को हटाने की मांग की है।

## जयपुर में मारपीट कर लूटने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

जयपुर की रामनगरिया थाना पुलिस ने मारपीट और अपहरण करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने नशे और मौज मस्ती के लिए युवक के साथ मारपीट कर उसका अपहरण किया था। बदमाशों ने जब पीड़ित के परिवार से पैसा मांगा तो परिवार ने पुलिस को सूचना दी। घटना के कुछ घंटों में पुलिस टीम ने वारदात करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर पीड़ित को बदमाशों के चंगुल से छुड़ाया।

## डीईओ ने किया मोरडी की ढाणी स्कूल का औचक निरीक्षण, मिड डे मील का स्वाद चखकर ली गुणवत्ता की जानकारी



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नारायणपुर**

कस्बे की मोरडी की ढाणी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) महेश कुमार मेहता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीईओ मेहता ने सबसे पहले मिड डे मील योजना के तहत विद्यार्थियों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने बच्चों से भोजन की गुणवत्ता और स्वाद के बारे में जानकारी ली तथा स्वयं भी बच्चों के साथ बैठकर खाना खाया। इस दौरान उन्होंने रसोईघर की साफ-सफाई, भोजन बनाने की प्रक्रिया और स्वच्छता की स्थिति का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियाँ, वर्कबुक, अध्यापकों की दैनिक डायरी, स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर और कक्षा-कक्षों की व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को साफ-सफाई और शिक्षण कार्यों को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीईओ ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाना और स्वच्छता बनाए रखना सभी शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को बेहतर शिक्षण माहौल बनाए रखने का आह्वान किया। डीईओ महेश मेहता ने इस अवसर पर विद्यालय की दो छात्रा जिया यादव और टीना सैनी को राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में चयनित होने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रभारी भूपेंद्र शर्मा, जगदीश सैनी, महेश शर्मा, सुरेश यादव, डॉ. भीमसिंह जाट, कैलाश सैनी, मुखराम जाट, कृष्ण कुमार योगी, कमलेश मीणा और रामकिशन मीणा सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## जिले में सहकार सदस्यता अभियान का आयोजन 15 अक्टूबर तक

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

राज्य में सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। इसी क्रम में सहकार सदस्यता अभियान 02 से 15 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों, युवाओं और महिलाओं को सहकारिता से जोड़ने, नई समितियों का गठन करने तथा सहकारी योजनाओं की जानकारी देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। सहकारिता से जुड़कर ग्रामीण परिवार आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। यह अभियान "सबके लिये सब एक के लिये" की भावना को मूर्त रूप देगा। अभियान के तहत विभिन्न कार्य होंगे, जिनमें पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में पैक्स का गठन, नवीन गोदाम हेतु भूमि आवंटन, पीएम किसान लाभार्थियों की आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी, महिलाओं और युवाओं की सहकारी समितियों में अधिकाधिक सदस्यता, आमजन को सहकारिता कानून की जानकारी और प्रस्तावित नवीन सहकारी कानून के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देना शामिल है। इसके अलावा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत लंबित आवेदनों की ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग के कार्य भी किये जाएंगे। सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां अशोक दीप पिंगोलिया ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सहकारिता आंदोलन से जोड़ते हुए उनकी आर्थिक और सामाजिक प्रगति सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत 05 और 06 अक्टूबर को विशेष शिविर आयोजित किये जाएंगे। 05 अक्टूबर को पंचायत समिति कोटपूतली के ग्राम अमाई और सुजाननगर के जीएसएस मुख्यालय पर, 06 अक्टूबर को पंचायत समिति बहरोड़ के ग्राम खरखड़ा (गूंती), बानसूर के ग्राम इंद्राडा (खोहरी), नीमराना के ग्राम सिरयाणी (जौनायचा खुर्द), कोटपूतली के ग्राम गोवर्धनपुरा और खड़ब के जीएसएस मुख्यालय पर, तथा पावटा के ग्राम फतेहपुरा खुर्द और टसकोला के ग्राम पंचायत भवन पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## राज्य स्तरीय तैराकी 17/19 छात्र/छात्रा प्रतियोगिता के चौथे दिन हुई 24 प्रतियोगिताए



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा सीकर**

एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्थित तरणताल पर चल रही 69वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 17/19 वर्ष छात्र/छात्रा के चौथे दिन 24 प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए खेल प्रभारी महेन्द्र सहारण ने बताया कि 19 आयु छात्र वर्ग में 200 मी. आई एम में अभिराज सिंह ने गोल्ड मैडल, तनिष्क भारद्वाज ने सिल्वर मैडल, आदित्य उपाध्याय ने ब्रोंज मैडल, 200 मी. फ्री स्टाईल में कुणाल फौजदार ने गोल्ड मैडल, नरेन्द्र सिंह ने सिल्वर मैडल, जतिन गोदारा ने ब्रोंज मैडल, 50 मीटर बटर फलाई में कृष्णा दित्य सिंह ने गोल्ड मैडल हासिल किया। 17 आयु छात्र वर्ग में 200 मी. आई एम में आदित्य लक्षकार ने गोल्ड मैडल, गगन मीणा ने सिल्वर मैडल, हिमांशु सामोता ने ब्रोंज मैडल, 200 मी. फ्री स्टाईल में गौरांग मोदी ने गोल्ड मैडल, प्रिंस नाजानी ने सिल्वर मैडल, बलराम ने ब्रोंज मैडल, 50 मीटर बटर फलाई में शौर्यवीर सिंह ने गोल्ड मैडल हासिल किया। 19 आयु छात्रा वर्ग में 200 मी. आई एम में कृष्णा सिंह ने गोल्ड मैडल, श्रीखा रावत ने सिल्वर मैडल, तनिष्का कच्छावा ने ब्रोंज मैडल, 200 मी. फ्री स्टाईल में हरिका अलख ने गोल्ड मैडल, भक्ति गोयल ने सिल्वर मैडल, प्रिसा शर्मा ने ब्रोंज मैडल, 50 मीटर बटर फलाई में कृष्णा सिहाग ने गोल्ड मैडल हासिल किया। 17 आयु छात्रा वर्ग में 200 मी. आई एम में आधका बृजेश शर्मा ने गोल्ड मैडल, परी ने सिल्वर मैडल, सिदिका ने ब्रोंज मैडल, 200 मी. फ्री स्टाईल में परिनीती सिंह चौधरी ने गोल्ड मैडल, कियारा बाजिया ने सिल्वर मैडल, आलिका कायमखानी ने ब्रोंज मैडल, 50 मीटर बटर फलाई में अभिश्री राय ने गोल्ड मैडल हासिल किया। मैडल सेरेमनी में संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, कैम्पस हैड राहुल ढाका, संयोजक गिरिराज व्यास, सुरेन्द्र सोनी, राधेश्याम टेलर, पुष्पा गहलोत ने विजेता खिलाडियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

## 'जीएसटी दरों में कमी का निर्णय आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा- देवासी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

प्रदेश के पंचायती राज एवं आपदा प्रबंधन राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से जीएसटी दरों को कम करने का निर्णय आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। देवासी सिरोही जिले में शनिवार को उद्योग संघ केसरपुरा शिवगंज की ओर से माताजी मंदिर परिसर में आयोजित जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद किसान केसरी लुंबाराम चौधरी ने की। राज्यमंत्री देवासी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने भाषण में जीएसटी दरों में कमी की ऐतिहासिक घोषणा कर पूरे देश को एक सौगात दी है। इसके क्रियान्वयन में केंद्रीय वित्त मंत्री की सक्रिय भूमिका ने आमजन, व्यापारियों एवं उद्यमियों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय केवल करों का बोझ घटाने वाला कदम नहीं है, बल्कि व्यापार को बढ़ावा देने और उद्योगों को प्रोत्साहित करने वाला भी है। छोटे व्यापारी, उद्यमी और उद्योगपति सभी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई आर्थिक ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है और यह निर्णय आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने उद्योग संघ का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय का पूरा लाभ प्रदेश की जनता तक पहुँचाने के लिए कटिबद्ध है। सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार ने जीएसटी लागू कर न केवल व्यापारियों,उद्यमियों व आम नागरिकों को राहत दी हैं। अब जीएसटी की दरों में कमी होने से आमजन सहित व्यापारियों के लिए भी सोने पे सुहागा साबित होगा। उन्होंने उद्यमियों को उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तैयार रहने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम को जीएसटी उपायुक्त महिपाल देवड़ा ने जीएसटी के संबंध में उद्यमियों को आवश्यक जानकारी देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। उद्योग संघ अध्यक्ष दिनेश बिंदल ने राज्यमंत्री देवासी के प्रयासों से रीको क्षेत्र में हुए कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम को जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई व ताराराम कुमावत ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन उद्योग संघ के महेंद्र रावल ने किया। इससे पूर्व अतिथियों का उद्योग संघ की ओर से साफा एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।

## नगरपालिका पार्षदों ने विधायक देवीसिंह शेखावत से की मुलाकात, बंदरों के आतंक और सफाई व्यवस्था जैसी जनसमस्याओं के समाधान की रखी मांग



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नारायणपुर**

कस्बे की नगरपालिका मंडल के पार्षदों ने शुक्रवार को विधायक देवीसिंह शेखावत से उनके ज्ञानपुरा निवास पर मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। पार्षदों ने विधायक शेखावत को साफा व माला पहनाकर शिष्टाचार भेंट की और नगर की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान पार्षदों ने विधायक के समक्ष नगरपालिका क्षेत्र में बढ़ते बंदरों के आतंक, आवारा मवेशियों से सड़कों पर उत्पन्न अव्यवस्था, आबादी भूमि के पट्टे जारी करने में आ रही समस्याएँ, मुख्य बाजार में ख़राब पड़ी रोड लाइट्स, क्षतिग्रस्त नालियों, और सफाई व्यवस्था की कमजोर स्थिति जैसे मुद्दे रखे। पार्षदों ने कहा कि इन समस्याओं के कारण आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक देवीसिंह शेखावत ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही नगरपालिका अधिशासी अधिकारी (ईओ) से फोन पर वार्ता कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक शेखावत ने पार्षदों से कहा कि वे जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएँ और क्षेत्र की जनता की शिकायतों को प्राथमिकता से नगरपालिका तक पहुँचाएँ। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर पार्षद महावीर शर्मा, दिनेश भार्गव, दिनेश जाट, राकेश तिवाड़ी, नरेंद्र सिंह शेखावत, सुरेश राठी, धुडाराम यादव, घनश्याम गुर्जर, नवल वर्मा सहित अनेक पार्षद और ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने ग्रामीण सेवा शिविरों का किया निरीक्षण, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

निकटवर्ती ग्राम कंवरपुरा और गोरधनपुरा में शनिवार को राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के काउंटरों का अवलोकन कर शिविर में उपस्थित लोगों की परिवेदनाओं को गंभीरता से सुना और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आम नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं की जानकारी दें, पेयजल और बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा शिविर प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर नियमित अपडेट करें। उन्होंने यह भी बताया कि राजस्व विभाग से जुड़े नाम शुद्धिकरण, नामांतरण, बंटवारा विवाद जैसे अटके हुए मामलों का त्वरित निस्तारण इन शिविरों में हो रहा है। विधायक हंसराज पटेल ने भी शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद करते हुए फीडबैक लिया और पट्टे, प्रमाण पत्र, हाईब्रिड बीज पैकेट सहित अन्य दस्तावेज वितरित किए। इसके अलावा, उन्होंने आईसीडीएस द्वारा आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में भाग लिया और ग्रामीणों को डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विधायक ने ग्रामीणों को प्रदेश की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर सिंह यादव, एसडीएम बृजेष चौधरी, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरड़क, तहसीलदार रामधन गुर्जर, बीडीओ हरिओम मीणा, पूर्व प्रधान बनवारी लाल यादव, सहायक विकास अधिकारी रामावतार सैनी, ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार शर्मा व दिलीप कुमार शर्मा समेत अन्य अधिकारी, कार्मिक और आमजन उपस्थित रहे। सफलता की कहानी भी इस शिविर का प्रमुख आकर्षण रही। कृपा देवी पत्नी इन्द्राज आर्य और रेशमी देवी पत्नी महेन्द्र आर्य निवासी गोरधनपुरा को आवासीय भूमि का पट्टा मिलने पर कई वर्षों बाद जमीन का मालिकाना हक प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि पट्टे से लोन लेकर वे आर्थिक सहायता भी प्राप्त कर सकेंगी। दोनों महिलाओं ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधायक हंसराज पटेल, स्थानीय प्रशासन और ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया।

## संसदीय कार्य मंत्री ने तनावड़ा में नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का किया लोकार्पण

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**



संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को जोधपुर जिला स्थित पंचायत समिति लूणी की ग्राम पंचायत तनावड़ा में नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन सहित 449 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पटेल ने कहा यशस्वी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत इस वर्ष आमजन को नि:शुल्क जाँच एवं दवा उपलब्ध करवाने के लिए 3 हजार 500 करोड़ रुपये के 'माँ कोष' का गठन किया गया है। उन्होंने कहा चिकित्सा विभाग में चिकित्साधिकारी और पैरा मेडिकल स्टॉफ के पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर नियुक्ति दी गई है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से शहर के अस्पतालों पर भार कम होने से समय और संसाधनों की बचत सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा सांगरिया सैटलाइट अस्पताल से आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में क्षेत्रवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा जैसलमेर नेशनल हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखकर केरू में ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जा रहा हैं, जिससे हजारों जिंदगियां बचाई जाएगी। पटेल ने कहा आधुनिक सुविधाओं से युक्त उप स्वास्थ्य केंद्र में तनावड़ा वासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने कहा राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं त्वरित और घर के पास मिले।

## *लंदन पहुंचे विधानसभा स्पीकर देवनानी, सावरकर हाउस सहित ऐतिहासिक स्थानों का किया अवलोकन*

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**



राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के तत्वाधान में आयोजित विश्व के विधान मंडलों की संसदीय प्रणाली अध्ययन यात्रा के दौरान लंदन पहुंचे। लंदन में स्पीकर देवनानी ने सावरकर हाउस सहित ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का अवलोकन किया। देवनानी लंदन में मेयर और सांसद सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण से मिले तथा लंदन में नवरात्रा समापन समारोह में भी देवनानी शामिल हुए। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लंदन यात्रा के दौरान भारत के क्रांतिकारी आंदोलन का केंद्र रहे सावरकर हाउस को देखा। देवनानी ने बताया कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की स्मृतियों से जुड़े इस ऐतिहासिक स्थान पर रहकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ओजस्वी एवं क्रांतिकारी विचारक वीर विनायक दामोदर सावरकर ने 1857 का स्वतंत्रता समर पुस्तक का लेखन किया, जिसने स्वतंत्रता हेतु युवाओं को आंदोलन करने में महती भूमिका निभाई। इसी स्थान पर 1905 में श्याम कृष्ण वर्मा ने इंडिया हाउस छात्रावास और राष्ट्रवादी केंद्र की स्थापना की थी, जहां वीर सावरकर ने 1906 से 1909 तक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की रूपरेखा बनाई। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लंदन में मेयर मती अंजना पटेल से मुलाकात की। प्रथम ब्रिटिश तंजानिया भारतीय मूल की मती पटेल को हरो, लंदन की 73 वीं मेयर बनने का गौरव हासिल है। देवनानी ने ब्रिटिश नेता व चार बार के सांसद और प्रवासी भारतीयों को अपना पदम सम्मान समर्पित करने वाले बाब ब्लैकमैन से भी शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी और ब्लैकमैन की यूके में भारतीय समुदाय के योगदान और चुनौतियों पर चर्चा हुई। देवनानी ने ब्लैकमैन को राजस्थान विधानसभा आने का न्योता भी दिया। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लंदन में नवरात्रा समापन समारोह में भाग लिया। कालानी सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस समारोह में भारतीय समुदाय के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया

**–सीरीज में 1–0 की बढ़त हासिल की**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम वेस्टइंडीज को एक पारी और 140 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम ने मैच के तीसरे दिन अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 448 रनों पर घोषित कर दी। वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में 162 रन ही बना पायी थी। इस प्रकार भारतीय टीम के पास 286 रनों की बढ़त थी। ऐसे में उसने वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। वेस्टइंडीज टीम अपनी दूसरी पारी में लंच के बाद 146 रनों पर ही आउट हो गयी। भारत की ओर से रविन्द्र जडेजा ने 4 विकेट लिए, वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीन जबकि कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए। इस प्रकार भारतीय टीम ने ये मुकाबला आसानी से जीत लिया।

इस मैच में वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दूसरी पारी में भी पहली पारी की तरह ही खराब रही। केवल एलिका अथानाजे ही 38 रन तक पहुंच पाये, जबकि जस्टिन ग्रीव्स ने 25, जेडन सील्स ने 22, जोहान लेन ने 14, जॉन कैंबेल ने 14, तेगनारायण चंद्रपॉल ने 8, ब्रेंडन किंग ने 5, रोस्टन चेज ने 1 और शाई होप ने 1 रन बनाए। वहीं, खैरी पियरे 13 रन बनाकर नाबाद रहे।

इस मैच में भारतीय टीम के तीन बल्लेबाजों केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रविन्द्र जडेजा ने शतक लगाकर टीम को दूसरे ही दिन 488 रनों तक पहुंचा दिया था।

**जडेजा ने बनाया रिकार्ड**

भारतीय टीम के रवींद्र जडेजा ने इस मैच में अपने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाकर एक रिकार्ड बनाया। उन्होंने इस मैच में महेन्द्र सिंह धोनी के टेस्ट में छक्के मारने का रिकार्ड भी तोड़ दिया। जडेजा के अब अपने टेस्ट मैचों में कुल 79 छक्के हो गये है। वहीं धोनी ने टेस्ट में 78 छक्के लगाए थे। टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड ऑलराउंड वीरेंद्र सहवाग के नाम है। सहवाग ने 91 छक्के लगाये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर विकेटकीपर ऋषभ पंत हैं जिनके टेस्ट में 90 छक्के हैं जबकि रोहित शर्मा 88 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

**राहुल ने 9 साल बाद घरेलू धरती पर शतक लगाया**

राहुल ने इस टेस्ट में अपना 11वां शतक जमाया ये उनका नौ साल के बाद धरेलू धरती पर शतक है। इसके लिए राहुल ने गेंदें खेलीं।




वहीं युवा जुरेल ने भी इस मैच में मिले अवसर का लाभ उठाते हुए शतकीय पारी खेली।

# वर्ल्ड कप में 20 साल बाद भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 में 5 अक्तूबर, रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच भिड़ंत होगी। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने जहां श्रीलंका को हराकर अपना विजयी आगाज किया वहीं पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। वहीं अब कोलंबो में इस हाईवोल्टेज मुकाबले का हर किसी को इंतजार है। खास बात ये है कि महिला वनडे वर्ल्ड कप में ये सिर्फ दूसरा मौका है जब दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। आखिरी बार 2005 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान की टीमें आपस में भिड़ी थीं।

वहीं वनडे क्रिकेट में भारतीय महिला टीम पाकिस्तान के खिलाफ कभी नहीं हारी है। दोनों टीमें कुल 11 बार वनडे मुकाबले में भिड़ी हैं। सभी 11 मैच भारतीय महिला टीम ने अपने नाम किए हैं। आखिरी बार दोनों टीमें 2022 में वनडे मैच खेलने के लिए आमने-सामने थीं। उस मैच में भारत ने पड़ोसी देश को 107 रनों से हराकर करारी शिकस्त दी थी। वहीं वर्ल्ड कप की बात करें तो भारतीय टीम ने 2005 में एकमात्र वर्ल्ड कप मुकाबला पाकिस्तान से खेला है। कराची में हुए उस मुकाबले में भारत ने 193 रनों से बेहतरीन जीत दर्ज की थी। अब वर्ल्ड कप में दूसरी बार और ओवरऑल वनडे में 12वीं बार दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। भारतीय टीम की बात करें तो टीम इस समय बेहतरीन फॉर्म में है। हालांकि, पहले मैच में स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला नहीं चला था। लेकिन वर्ल्ड कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया जैसे खतरनाक टीम को भारत ने नाकों चने चबवा दिए थे। स्मृति ने बैक टू बैक दो ताबड़तोड़ ऐतिहासिक शतकीय पारियां खेली थीं। जबकि पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश के हाथों शर्मनाक हार झेलकर आई थी। पाकिस्तान की टीम पहले मुकाबले में महज 129 रन पर ही ढेर हो गई थी। ऐसे में भारतीय टीम का पलड़ा इस मुकाबले में बिल्कुल भारी रहने का आसार हैं।

# ऑस्ट्रेलिया/न्यूजीलैंड: मार्श का पहला टी20 शतक, ऑस्ट्रेलिया ने चैपल-हेडली श्रृंखला 2-0 से जीती

**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)।** मिचेल मार्श के नाबाद 103 रन की दमदार पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराकर चैपल-हेडली टी20 श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श ने 52 गेंद में आठ चौके और सात छक्कों की मदद से अपना पहला टी20 शतक पूरा किया। उनके अलावा केवल दो अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया ने दो ओवर रहते ही 7 विकेट पर 160 रन बनाकर न्यूजीलैंड के 9 विकेट पर 156 रन के स्कोर को पार कर लिया।




न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी के सामने संघर्ष करती नजर आई और टॉस 15 मिनट देर से होने के कारण भी उनके बल्लेबाज साझेदारियां बनाने में नाकाम रहे। टिम सिफर्ट ने 35 गेंद में 48 रन बनाकर टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जबकि कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 26 और जिम्मी नीशाम ने 25 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेज़लवुड ने 26 रन देकर 2 विकेट लिए, जेवियर बार्टलेट ने 25 रन देकर 2 विकेट झटके, और सीन एबॉट ने 25 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत में ही 62 रन छह ओवर में बन गए थे। मिचेल मार्श ने ईश सोढ़ी पर लगातार छक्कों की मदद से केवल 21 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। न्यूजीलैंड ने मध्य ओवरों में नीशाम की गेंदबाजी के दम पर चार विकेट लिए, लेकिन मार्श ने टीम को मजबूत हाथों से जीत तक पहुंचाया।

इससे पहले श्रृंखला का दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। मार्श ने पहले मैच में भी 43 गेंद में 85 रन बनाकर टीम की छह विकेट की जीत में अहम योगदान दिया था।

# शुभमन ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय एकदिवसीय टीम के कप्तान बनाये गये , श्रेयस होंगे उपकप्तान

**–विराट , रोहित की सात महीने बाद टीम में वापसी**

**–सूर्यकुमार की कप्तानी में जाएगी टी20 टीम**




**मुम्बई (एजेंसी)।** शुभमन गिल टेस्ट के बाद अब एकदिवसीय प्रारुप के लिए भी भारतीय टीम के कप्तान बनाये गये हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए शुभमन गिल को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया है। शुभमन को रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया है। रोहित अब एक बल्लेबाज के तौर पर ही टीम में रहेंगे। रोहित के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को भी टीम में शामिल किया गया है। इस प्रकार रोहित और विराट करीब सात महीने के बाद एक बार फिर खेलते नजर आयेंगे। ये दोनो ही अंतिम बार चैम्पियंस ट्रॉफी में उतरे थे और उसे भारतीय टीम ने रोहित की कप्तानी में जीता था।

वहीं बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भी टीम में शामिल किया गया है। श्रेयस को एकदिवसीय के लिए उपकप्तान बनाया गया है। कोहली और रोहित ने भारत के लिए आखिरी बार फरवरी-मार्च में खेला था। तब दोनों चैंपियंस ट्रॉफी में टीम का हिस्सा थे। दोनों ने ही चैंपियंस ट्रॉफी में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को एकदिवसीय सीरीज के लिए आराम दिया गया है जबकि टी20 सीरीज में उन्हें शामिल किया गया है। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत चोट के कारण शामिल नहीं किये गये हैं।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद वह सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेगी। मेजबानों के साथ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी।

भारतीय टीम पहला एकदिवसीय 19 अक्टूबर को पर्थ में खेलेगी जबकि दूसरा एकदिवसीय मैच 23 को एडिलेड में खेला जाएगा। सीरीज का तीसरा एकदिवसीय मैच 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए एकदिवसीय टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप कप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल.


**ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टी20 सीरीज के लिए चुनी गई भारतीय टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुबमन गिल (उप कप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर.

# जडेजा ने बनाया रिकार्ड, कपिल, बॉथम और इमरान के क्लब में शामिल

अहमदाबाद ।भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली जीत में अहम भूमिका निभाने के दौरान ही शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी करते हुए एक नया रिकार्ड बनाया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाने के साथ ही जडेजा ने कपिल देव, इयान बॉथम और इमरान खान जैसे महान ऑलराउंडरों की बराबरी की है। अब जडेजा उन खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने छह या उससे अधिक टेस्ट शतक बनाए हैं और साथ ही 300 से अधिक विकेट भी अपने नाम किए हैं। जडेजा ने 169 गेंदों पर अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। जडेजा अब इयान बॉथम, कपिल देव, इमरान खान, रवि अश्विन और डेनियल विटोरी जैसे दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए हैं। यह उपलब्धि उन खिलाड़ियों की पहचान है जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दिया है। अब टेस्ट क्रिकेट में 4000 रन और 300 से अधिक विकेट लेने वाले चौथे क्रिकेटर बनने से केवल 10 रन दूर हैं। उन्होंने मैच के दौरान चार छक्के जड़कर पूर्व कप्तान महेनद्र सिंह धोनी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। अब जडेजा टेस्ट में भारत के लिए चौथे सबसे ज़्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जडेजा के नाम टेस्ट करियर में 79 छक्के हैं जबकि धोनी के नाम 78 छक्कों का रिकार्ड है।



# भारत के निखिल चौधरी ऑस्ट्रेलियाई शेफील्ड शील्ड में खेलेंगे



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के निखिल चौधरी ऑस्ट्रेलिया की रेड–बॉल प्रतियोगिता, शेफील्ड शील्ड में तस्मानिया की ओर से खेलते दिखेंगे। निखिल लिस्ट ए क्रिकेट में पंजाब की ओर से खेलते हैं। अब ऑस्ट्रेलिया में शेफील्ड शील्ड में खेलकर उनका करियर और निखर सकता है। ऑस्ट्रेलिया में छोटे क्लब स्तर पर खेलते हुए वह तस्मानिया तक पहुंचे हैं। निखिल ने पंजाब की ओर से खेलने के दौरान शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह के साथ खेला है। हालांकि वह रणजी ट्रॉफी में अभी तक नहीं खेल पाये हैं। ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद चौधरी ने क्लब क्रिकेट और वीकेंड टूर्नामिंट से खेलते हुए यहां तक का सफर किया है। ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद वह बिग बैश लीग की टीम होबार्ट हरिकेंस पहुंची। इसके बाद क्रिकेट तस्मानिया ने उन्हें लिस्ट ए मैचों में अवसर नहीं दिया। उन्होंने न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ 2 विकेट जबकि विक्टोरिया के खिलाफ 67 रन बनाये। जिससे उन्हें लाभ हुआ। क्रिकेट तस्मानिया की हाई परफॉर्मेंस प्रमुख सैलियन बीम्स ने निखिल के यहां तक के सफर की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी दूसरे देश में जाकर इस प्रकार की उपलब्धि हासिल करना कठिन होता है पर इस क्रिकेटर ने अपने को साबित किया है। साथ ही कहा कि उनकी भूख और जुनून टीम को मजबूती देगी।इससे पहले 1960 के दशक में रूसी सुरती ने की ओर से खेला था।

# विश्व चैंपियनशिप में मीराबाई चानू का शानदार प्रदर्शन, भारत को दिलाया एक और रजत पदक

**फॉरडे (नॉर्वे) (एजेंसी)।** भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर और ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने 2025 विश्व वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। चानू ने कुल 199 किग्रा भार उठाया, जिसमें स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा शामिल था। यह उनके तीन साल बाद विश्व मंच पर लौटने का प्रतीक है।

स्नैच में चानू ने 84 किग्रा सफलतापूर्वक उठाया, लेकिन 87 किग्रा के अगले दो प्रयासों में वे सफल नहीं हो सकीं और इस खंड में कांस्य पदक हासिल किया। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने क्रमशः 109, 112 और 115 किग्रा उठाया। अंतिम प्रयास की सफलता ने उन्हें रजत पदक दिलाया और उनके सर्वोत्तम प्रदर्शन को दोहराया।


पदक तालिका में उत्तर कोरिया की री सॉन्ग-गुम ने 213 किग्रा (91+122) के साथ स्वर्ण पदक और क्लीन एंड जर्क व कुल भार में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। थाईलैंड की थान्यातॉन सुकचारोएन ने 198 किग्रा के साथ कांस्य पदक जीता।

यह मीराबाई का तीसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है; उन्होंने 2017 में स्वर्ण और 2022 में रजत पदक जीते थे। उनका 115 किग्रा का क्लीन एंड जर्क प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में किए गए सर्वश्रेष्ठ भार के बराबर है। इस जीत से भारत को तीन साल बाद विश्व चैंपियनशिप में पदक मिला और अब तक इस टूर्नामेंट में भारत के सभी 18 पदक महिलाओं ने ही हासिल किए हैं। मीराबाई के साथ भारतीय टीम में कोयल बर, बिंद्यारानी देवी, निरुपमा देवी, हरजिंदर कौर, वंशीता वर्मा और मेहक शर्मा भी शामिल हैं। इनमें से कई खिलाड़ियों ने पहले ही कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में पदक जीते हैं।



पेरिस 2024 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने और चोटों से जूझने के बाद यह रजत पदक मीराबाई के करियर में महत्वपूर्ण पुनरुत्थान का संकेत है। उनके इस प्रदर्शन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे विश्व स्तरीय वेटलिफ्टिंग में भारत का गौरव बढ़ाती रहती हैं।

# चाइना ओपन 2025 : कोको गॉफ का सफर सेमीफाइनल में थमा, अमांडा एनिसिमोवा ने दी करारी शिकस्त



बीजिंग। अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ की चाइना ओपन में खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को समाप्त हो गई। सेमीफाइनल में उनकी हमवतन और तीसरी वरीय अमांडा एनिसिमोवा ने उन्हें 58 मिनट के भीतर सीधे सेटों में 6–1, 6–2 से मात दी। गॉफ, जिन्होंने पिछले साल चाइना ओपन का खिताब जीता था, इस बार अपनी लय में नजर नहीं आईं और एनिसिमोवा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए उन्हें कोई मौका नहीं दिया। अमांडा ने शानदार सर्विस और बेसलाइन से ताकतवर शॉट्स खेलकर मुकाबले पर पूरी तरह से नियंत्रण बनाए रखा। इस जीत के साथ अमांडा एनिसिमोवा ने फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना पांचवीं वरीय जेसिका पेगुला और लिंडा नोसकोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। गॉफ की इस हार से टूर्नामेंट का खिताबी समीकरण और भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि एनिसिमोवा इस समय बेहतरीन फॉर्म में दिखाई दे रही हैं और फाइनल में उनके खेल पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी।


# शुभमन एकदिवसीय में रोहित के सबसे अधिक स्कोर का रिकार्ड तोड़ सकते हैं : बांगर

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर और कोच संजय बांगर का मानना है कि युवा बल्लेबाज शुभमन गिल आने वाले समय में एकदिवसीय में रोहित शर्मा के 264 रनों के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। बांगर ने कहा कि अगर शुभमन टिककर अंत तक बल्लेबाजी करें तो निश्चिय ही रोहित का रिकार्ड तोड़ देंगे कयोंकि उनके पास अच्छी तकनीक होने के साथ ही उनका स्ट्राइक रेट भी अच्छा है। बांगर के अनुसार जिस प्रकार से शुभमन ने टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन किया है उसको देखते हुए ये तय है कि वह आगे भी इसी प्रकार खेलेंगे। शुभमन ने अब तक 55 एकदिवसीय मैचों में आठ शतक और 15 अर्धशतक के साथ ही 2,755 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 208 रन है, जो उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ केवल 149 गेंदों में बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 19 चौके और नौ छक्के लगाये थे।



बांगर का मानना है कि गिल अगर टिककर लंबी पारी खेलते हैं तो वह रोहित का रिकॉर्ड तोड़ने में पीछे नहीं रह सकते हैं। उनके मुताबिक गिल की तकनीक, स्ट्राइक रेट और धैर्य उन्हें यह बड़ा रिकॉर्ड हासिल करने के लिए तैयार बनाते हैं। क्रिकेट विशेषज्ञ इसे एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संभव मिशन मान रहे हैं। वहीं बांगर ने आक्रामक सलामी बल्लेबाजा अभिषेक शर्मा की भी जमकर प्रशंसा की है। बांगर ने कहा कि अभिषेक युवराज सिंह के 2007 टी20 विश्व कप अर्धशतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं।

# पैरा चैंपियनशिप : कियारा रोड्रिग्ज ने रचा इतिहास, चौथी बार जीता लंबी कूद का स्वर्ण पदक



नयी दिल्ली: इक्काडोर की कियारा रोड्रिग्ज ने इंडियनऑयल नयी दिल्ली पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 में लगातार चौथी बार महिलाओं की लंबी कूद टी–47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। कियारा ने 6.29 मीटर की छलांग लगाई, जबकि हंगरी की पेट्रा लुटेरन (5.98 मीटर) ने रजत और डेनमार्क की ब्योर्कर नोएरेमाकर (5.84 मीटर) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की निमिषा सुरेश चक्कुंगलपरम्बिल ने 5.74 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया, लेकिन बेहतर प्रदर्शन न कर पाने के कारण पोडियम से चूक गईं और चौथे स्थान पर रहीं। कियारा इससे पहले 100 मीटर टी–47 में भी स्वर्ण जीत चुकी हैं और तिहरा पदक हासिल करने की कोशिश में हैं। इस बीच, अमेरिका के माइकल ब्रैनिगन ने पुरुषों की 1500 मीटर टी–20 और ईरान के अली बाजियारशूरिजेह ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। पदक तालिका में ब्राज़ील (12 स्वर्ण) शीर्ष पर कायम है, जबकि चीन 40 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर और भारत (6 स्वर्ण, 5 रजत, 4 कांस्य) चौथे स्थान पर है।

# अभिषेक बोले, युवराज के लगाये प्रशिक्षण सत्र से बल्लेबाजी में आया निखार : अभिषेक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से धूम मचाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरु युवराज सिंह को दिया दिया है। अभिषेक के अनुसार कोरोना संक्रमण के दौर में जब लॉकडाउन लगा था और सभी खेल मुकाबले रुक गये थे तब युवराज ने उन्हें प्रशिक्षण दिया था जिसका लाभ अब उन्हें मिला है। तब अभ्यास के दौरान युवराज ने कहा था कि तुम जल्द ही भारतीय टीम के लिए मैच जीतोगे। अभिषेक के अनुसार अब उनकी कही बातें सही साबित हो रही हैं। अभिषेक ने एक शो में कहा कि युवराज की देखरेख में जिस प्रकार से उन्होंने अभ्यास किया उससे उनकी बल्लेबाजी तकनीक बेहतर हुई।

इसी कारण वह एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने में भी सफल रहे। इस युवा बल्लेबाज ने कहा, मैं युवराज का बहुत शुक्रगुजार हूं। लॉकडाउन के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण सत्र रखा था जिसमें मेरे अलावा शुभमन गिल और प्रभसिमरन सिंह व अनमोलप्रीत सिंह आदि थे। तब मैं संघर्ष कर रहा था। यहां तक कि आईपीएल की अपनी टीम में भी अंतिम ग्यारह में जगह बनाना आसान नहीं हो रहा था। वहीं शुभमन को भारतीय टीम में जगह मिल गयी थी।

आईपीएल में निरंतरता में कमी के कारण मैं अंतिम ग्यारह में अपनी जगह पक्की नहीं कर पा रहा था। वहीं शुभमन पहले से ही भारत के लिए खेल रहा था। तब मुझे ऐसा लगना शुरू हो गया कि मैं पीछे रह गया हूं क्योंकि मेरे समूह के सभी लोग पहले ही अच्छा कर रहे थे। तभी युवराज ने कहा था कि वह मुझे भारत के लिए मैचों को जीतने के लिए तैयार कर रहे हैं और ऐसा दो से तीन साल में ही हो जाएगा। उसे सत्र के बाद मैंने महसूस किया कि मेरा लक्ष्य तो कुछ और ही था। साथ ही कहा कि अभ्यास के दौरान युवराज परे समय साथ रहते थे और रिकार्डिंग तक दिखकर गलतियां बताते थे।



## ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन को मिली बड़ी राहत



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अजमेर

ग्राम पंचायत गोयला व खिरिया में 4 अक्टूबर, 2025 को राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। सरवाड़ उपखंड अधिकारी सुभाष चंद्र हेमानी ने शिविर स्थल पर पहुंचकर समीक्षा की और अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे ग्रामीणों को अनेक समस्याओं का तत्काल समाधान मिलने में मदद मिली। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा कुल मिलाकर अनेक प्रकरणों का निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग ने नामांतरण के 5 प्रकरण, फार्मर रजिस्ट्री 10, किसान गिरदावरी 53, मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र 15, आपसी सहमति बंटवारा 16 और धारा 136 के 19 प्रकरण पूरे किए। पंचायत राज विभाग ने स्वच्छ भारत मिशन के 19 प्रकरण तथा मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन स्वामित्व योजना के 36 प्रकरणों का समाधान किया। कृषि विभाग ने बीज मिनी किट वितरण के 2 प्रकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड 31 और फसल बीमा 29 प्रकरणों का निस्तारण किया। वन विभाग ने 20 वृक्षारोपण प्रकरण पूरे किए। पशुपालन विभाग ने पशु टीकाकरण 65 और पशु बीमा 52 प्रकरण पूरे किए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने ह्पत्रिकाः आवेदनों के 2 निस्तारण किए। ई-च्ड्ढष्ट के 30 प्रकरण पूरे किए गए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 179 लोगों का उपचार, 169 की स्क्रीनिंग और 1 टीबी किट वितरण किया। जल संसाधन विभाग के तहत कोज वे, बांध की ऊंचाई और जल भराव के 3 प्रस्ताव पर काम हुआ। श्रम विभाग के टूल किट/औजार सहायता योजना में 2 व्यक्तियों का पंजीयन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने 19 पेंशन प्रकरण और 25 पालनहार प्रकरणों का निस्तारण किया। उपखंड अधिकारी सुभाष चंद्र हेमानी ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों से प्रगति रिपोर्ट ली और मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान भाजपा नेता हरिमोहन शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजवीर भीचर, नायब तहसीलदार टांटोटी शिवराम मीणा, नायब तहसीलदार सरवाड़ रमेश चंद सोनी, विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी रघुवीर सिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर प्रसाद झारोटिया सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार ग्रामीण सेवा शिविरों ने आमजन को सरकारी सुविधाओं और योजनाओं का लाभ लेने में सहूलियत प्रदान की तथा ग्रामीण विकास में एक सकारात्मक पहल साबित हुई।

## मांगलियावास पुलिस ने थाना क्षेत्र में एचपी के टेंकर से तेल चोरी करते तीन आरोपितों को किया गिरफ्तार



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अजमेर

जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर वंदिता राणा के निर्देशानुसार जिले भर में चलाये जा रहे। अवैध बजरी परिवहन,संपत्ति संबंधी अपराधों,वांछित अपराधियों की धरपकड व हाईवे पर स्थित होटल ढाबों पर अवैध गतिविधियों पर निरंतर कार्यवाही करने को लेकर दिए गए, निर्देशों की पालना में मांगलियावास थानाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने एचपी के टैंकर से तेल चोरी करने के आरोप में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। मांगलियावास थानाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी के मुताबिक एक दिन पूर्व आदर्शनगर थाना क्षेत्र के सेदरिया सौरभसिंह रावत ने दी रिपोर्ट में बताया कि हमारा पंप है जिस पर हमने एक डीजल टैंकर सराधना स्थित तेल डिपो से बुक किया था। मैं व मेरा साथी कर्मचारी परमेश्वर सिंह रावत जो की हमारे क्रेशर प्लांट पर कार्य करता है। हम दोनों तेल डिपो से टैंकर निकलने के बाद उसके पीछे पीछे आ रहे थे। तभी वाहन चालक ने एक होटल पर गाड़ी रोक दी थी। वहां होटल पर पहले से ही 7-8 लोग मौजूद थे। जिन्होंने टैंकर चालक के साथ मिलकर टैंकर से डीजल निकालने लग गये। जिसका विडियों परमेश्वर बनाने लगा तो वाहन चालक की नजर पड़ी तो वो चिल्लाया और बोला की व दोनों लड़के हमारा विडियों बना रहे है। वह लोग हमारे साथ मारपीट करने लग गये। थानाधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि प्राप्त रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच एएसआई गोपाराम विश्नोई के सुपुर्द की गई। जिन्होंने प्रारंभिक जांच पड़ताल में पाया कि टैंकर चालक के द्वारा मिली भगत से तेल निकालना प्रथम दृष्टया पाया गया है। इस पर अर्जुनपुरा गढ़ी निवासी राकेश सिंह रावत,शेरगढ़,जोधपुर निवासी जितेंद्र नाई व कानावास,जोधपुर निवासी मनीराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी,एएसआई रामस्वरूप,कांस्टेबल सतीश कुमार,सुखदेव व रोशनसिंह शामिल थे।

## राजसमंद में खड़े डंपर से टकराई मारूति कार, 2 लोगों की मौत

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा राजसमंद

राजसमंद में एक सड़क हादसे में दो जनों की दर्दनाक मौत हो गई। राजनगर थाना सर्कल में गोमती-उदयपुर फोरलेन पर भगवानंदा खुर्द के पास खड़े डंपर में मारुति 800 कार पीछे से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल ने हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार- आज रात फोरलेन पर करीब 8 बजे केलवा की ओर से आ रही उदयपुर पासिंग मारुति 800 कार सड़क पर खड़े डंपर के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और कार सवारों को बाहर निकाला। घटना में एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल को राहगीरों की मदद से तुरंत आर के हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। करीब 15 मिनट बाद 108 एम्बुलेंस और राजनगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को हॉस्पिटल पहुंचाया। राजनगर पुलिस थाना इंचार्ज सवाई सिंह के अनुसार मृतकों की पहचान शांतिलाल चौरसिया (78) पुत्र केशदी लाल निवासी वाडी रामपुरा रोड उदयपुर व नरेन्द्र सिंह (45) पुत्र देवी सिंह निवासी अंबा माता मंदिर के पीछे उदयपुर के रूप में हुई। दोनों मृतकों के शव आरके हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाए गए।

# सरकारी हॉस्पिटल में 4 साल की बच्ची की मौत, डॉक्टर एपीओ, परिजनों का आरोप- गलत इंजेक्शन लगाया

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बाड़मेर



बाड़मेर के सरकारी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक 4 साल की मासूम की मौत हो गई। बुखार होने पर परिजन हॉस्पिटल ले गए थे, डॉक्टर ने दवा और इंजेक्शन देकर घर भेज दिया। घर पहुंचते ही बच्ची बेहोश हो गई। वापस हॉस्पिटल लेकर आए तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन और दवाई देने के बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ी थी। वहीं सीएमएचओ विष्णुराम विश्नोई ने डॉक्टर रमेश और एएनएम शांता के खिलाफ को एपीओ कर दिया है। मामला जिले के बिजराड़ थाना क्षेत्र के मिठड़ाऊ पीएसची (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) का है। इलाज करने वाले डॉक्टर रमेश पुंजानी का कहना है कि बच्ची को निमोनिया था। चौहटन ले जाने का कहा था, लेकिन परिजन उसे घर ले गए। बच्ची के पिता अरविंद कुमार ने बताया कि उनकी बेटी जसोदा को मंगलवार से बुखार आ रहा था। गुरुवार को उसे मिठड़ाऊ PHC लेकर गए। यहां उसे दवाइयां दी, लेकिन 24 घंटे बाद भी आराम नहीं हुआ। इस पर शुक्रवार दोपहर पत्नी रूखी देवी दोपहर करीब 1 बजे बेटी को दोबारा PHC लेकर गई। पिता का आरोप है कि यहां डॉक्टर रमेश पुंजानी और नर्सिंगकर्मी शांति देनी ने इंजेक्शन दिया और दवाइयां दीं। इसके कुछ देर बाद जसोदा की तबीयत बिगड़ने लगी। थोड़ी देर बाद वह बेहोश हो गई। इस पर स्टाफ ने बच्ची को बेहोशी की हालत में ही घर भेज दिया। हॉस्पिटल प्रशासन का कहना है कि परिजन बच्ची की मौत के बाद शव को चद्दर में पकड़कर लेकर आए। स्ट्रेचर अंदर था, लेकिन परिजन आनन-फानन में अंदर लेकर आ गए।

### घर पहुंचे तब तक बेटी बेसुध हो चुकी थी

पिता का कहना है कि जब उनकी पत्नी बच्ची को घर लेकर पहुंची तो बेटी बेसुध हो गई थी। इसके बाद उसे दोबारा PHC लेकर आए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शाम करीब 7 बजे तक परिजन बच्ची के शव के साथ हॉस्पिटल में ही थे। सूचना मिलने पर शाम करीब 7 बजे बीजराड़ थाना अधिकारी मगाराम हॉस्पिटल पहुंचे। इसके बाद बच्ची के शव को मॉर्च्युरी में रखवाया। मगाराम ने बताया कि परिजनों ने डॉक्टर व नर्सिंगकर्मी पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। डॉक्टर रमेश का कहना है कि जब बच्ची को पीएचसी लेकर आए तब बच्ची सीरियस थी और उसे निमोनिया था। मां को बोला भी था कि उसे चौहटन लेकर जाइए। जब बच्ची को लेकर आए तब उसे नीमूलाइजर कर एंटीबायटिक (सिफटरिक जोन 50एमजी) इंजेक्शन दिया था। बच्ची के साथ केवल मां थी। मैंने खुद बाहर से टैक्सी मंगवाकर उसे चौहटन ले जाने के लिए भेजा था। कहा भी था कि यहां ऑक्सीजन की सुविधा नहीं है। वे 2 बजे यहां से चले गए थे। इसके बाद चौहटन न जाकर वे सीधे घर चले गए। शाम करीब 6 बजे उसे दोबारा लेकर आए और आरोप लगाया कि इंजेक्शन से उसकी मौत हो गई। किसी भी दवाई या इंजेक्शन का रिएक्शन उसी समय होता है, 4 घंटे बाद नहीं। जो सही है वो पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आ जाएगा। है। सीएमएचओ विष्णुराम विश्नोई ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर डॉक्टर रमेश और नर्सिंग कर्मी ANM शांता के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए है। इसके साथ ही दोनों को एपीओ कर बाड़मेर लगाया गया है।

इसके बाद शव को चद्दर में टांगकर मॉर्च्युरी में ले गए।

## होटल-मालिक के बेटे ने युवक पर कुल्हाड़ी से हमला किया, पिता-पुत्र को फोन करके बुलाया


वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा सरदारशहर



चूरू में होटल मालिक के बेटे ने अपने दोस्त के साथ मिलकर एक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। होटल मालिक का पैसे के लेन-देन को लेकर युवक और उसके पिता से विवाद चल रहा था। होटल मालिक ने फोन करके युवक और उसके पिता को इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर के सामने स्थित अपने होटल पर बुलाया। युवक के पहुंचते ही होटल मालिक को बेटा लोकेश और उसके दोस्त गजेंद्र ने युवक पर कुल्हाड़ी और चौसांगी से हमला कर दिया। होटल में लगे सीसीटीवी में वारदात कैद हो गई। वीडियो में आरोपी गजेंद्र युवक नारायण भाट पर हमला करते हुए दिख रहा है। पुलिस ने होटल मालिक के बेटे और उसके दोस्त को हिरासत में लिया है। घटना सरदारशहर थाना क्षेत्र की है। सरदारशहर थाने के स्ढ्ढ जगदीश ने बताया कि वार्ड 19 निवासी भाटों का मोहल्ला निवासी नारायण भाट (19) ने अपने मोहल्ले के रवि, लोकेश और गजेंद्र के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में उसने बताया कि मेरे पिता धनपत भाट के पास होटल मालिक राजकुमार भाट का फोन आया। उन्होंने मेरे पिता जी से कहा कि आप अपने बेटे को लेकर इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर के सामने स्थित हमारे होटल पर आओ, कुछ बात करनी है। इस पर शुक्रवार दोपहर साढ़े 3 बजे मैं अपने पिता के साथ होटल पर पहुंचा। नारायण भाट ने बताया मौके पर जाकर देखा तो पहले से ही होटल मालिक राजकुमार का बेटा लोकेश और उसका दोस्त गजेंद्र बैठा हुआ था। लोकेश के हाथ में कुल्हाड़ी थी। गजेंद्र के पास चौसांगी (खरपतवार काटने वाला औजार) थी। नारायण ने कहा कि हम जैसे ही होटल में घुसे तो गजेंद्र ने कुल्हाड़ी से और लोकेश ने चौसांगी से मेरे ऊपर हमला कर दिया। जब मेरे पिता धनपत ने मुझे बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की। इस दौरान राजकुमार भाट भी मौके पर आ गया और सभी से हमला करने के लिए कहा। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने मुझे और मेरे पिता को बचाया। पीड़ित ने बताया कि हमले में उसके सिर और पैर में चोट आई है। मारपीट की घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि नारायण दोपहर 3 बजकर 42 मिनट पर होटल में पहुंचा। थोड़ी देर बाद ही गजेंद्र ने कुल्हाड़ी से उस पर वार किया। इसके बाद गजेंद्र ने 2 बार और कुल्हाड़ी से नारायण पर हमला दिया। इसके बाद जब किसी ने उसके हाथ से कुल्हाड़ी छीन ली तो वह पास में खड़े व्यक्ति के पास से चौसांगी (खरपतवार काटने वाला औजार) ले आया और नारायण पर वार कर दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव किया। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों पक्षों में पैसे के लेन देन को लेकर विवाद चल रहा है। एएसआई जगदीश ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए गजेंद्र भाट और लोकेश भाट को हिरासत में लिया है।

## हॉस्टल की 6वीं मंजिल से गिरी नीट छात्रा, सीढ़ियों से गिरकर गंभीर रूप से घायल

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटा



कोटा के बोरखेड़ा इलाके के कोरल पार्क के रॉयल एलीना हॉस्टल में बड़ा हादसा हो गया। यहां नीट की तैयारी कर रही 19 वर्षीय छात्रा हॉस्टल की छठी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल छात्रा की पहचान प्राची चौधरी निवासी बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। हॉस्टल इंचार्ज अमरप्रीत सिंह ने बताया कि छात्रा हॉस्टल की सीढ़ियों से नीचे गिर गई थी। गिरने के बाद छात्रा को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। प्राची पिछले दो साल से कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। बोरखेड़ा थाना अधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि छात्रा की स्थिति नाजुक बनी हुई है। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में यह मामला सीढ़ियों से फिसलकर गिरने का बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है और वे कोटा के लिए रवाना हो चुके हैं। फिलहाल छात्रा का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि हादसा कैसे हुआ।

## भीषण सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत, अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा करौली



राजस्थान के करौली जिले में रविवार को एक दुखद सड़क हादसे ने दो परिवारों को झकझोर दिया. कुड़गांव थाना क्षेत्र के खूबपूरा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी. इस भीषण हादसे में बाइक सवार जीजा-साले की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. इस घटना ने पूरे इलाके में शोक की लहर फैला दी. पुलिस के मुताबिक, कानापुरा गांव के विक्रम मीणा अपनी पत्नी और साले लालजी मीणा के साथ बाइक पर जा रहे थे. लालजी बड़की कैलादेवी के रहने वाले थे. तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिर पड़े. हादसे में सभी को गंभीर चोटें आईं. स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को कुड़गांव अस्पताल पहुंचाया. वहां से विक्रम और लालजी की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें गंगापुर सिटी रेफर किया गया. लेकिन रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया. विक्रम की पत्नी का इलाज जारी है, लेकिन उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है. इस खबर ने दोनों परिवारों में मातम छा दिया. हादसे की सूचना मिलते ही कुड़गांव पुलिस मौके पर पहुंची. शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया. पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. ग्रामीणों का कहना है कि चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ. इस हादसे ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया. परिजनों ने दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

## उदयपुर पुलिस ने एक दिन में 411 बदमाशों को पकड़ा, एक साथ 907 जगहों पर रेड डाली

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा उदयपुर



उदयपुर पुलिस ने शनिवार को जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर रेड कर कुल 411 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वांटेड अपराधियों के साथ रेड एरिया डॉमिनेंस के तहत पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर अलसुबह कार्रवाइयों को अंजाम दिया। टीम ने इस दौरान 83 हिस्ट्रीशीटरों के घर दबिश देकर उनसे पूछताछ की। उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने बताया- आईजी गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर उदयपुर जिले में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम, वांटेड अपराधियों की धरपकड़ की। इसके लिए विशेष अभियान चेकिंग और रेड डालकर बड़ी संख्या में अपराधियों की धरपकड़ की गई। मुख्यालय एएसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, और अंजना सुखवाल के निर्देशन में जिले के प्रत्येक थाने में थानाधिकारियों के नेतृत्व में लगभग 107 से अधिक टीमों का गठन किया। जिले में करीब 477 से अधिक पुलिस अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा बदमाशों की धरपकड़ के लिए अलसुबह एक साथ कार्रवाई हुई। टीमों ने द्वारा जिले में 907 से अधिक स्थानों पर दबिश दी। टीमों ने कार्रवाई करते हुए 411 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें स्थाई, गिरफ्तारी वारंटी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, लूट, हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट और सामान्य केस सहित अन्य गंभीर अपराधों में वांटेड 98 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में नए कानूनों के प्रावधानों के तहत 280 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान स्थानीय माईनर एक्ट की कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत 25 प्रकरण दर्ज कर 20 आरोपी, आर्म्स एक्ट में 4 आरोपी, 9 व्यक्तियों को अन्य अधिनियम में गिरफ्तार किया गया।

### कोटा पुलिस ने साइबर ठग को किया गिरफ्तार

## फिल्मों और मॉडलिंग में काम दिलाने का झांसा देकर ऐंठता रुपए

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटा



साइबर थाना कोटा शहर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी कास्टिंग कंपनी बनाकर लड़कियों को फिल्म और मॉडलिंग में काम दिलाने का झांसा देकर ठगी करता था। आरोपी की पहचान दीपक मीणा उर्फ दक्ष (27) निवासी झारगांव थाना बूढ़ादीत, हाल निवासी श्यामनगर, कोटा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनमें कई लड़कियों से चैट और साइबर ठगी के लेनदेन के रिकॉर्ड मिले हैं। अब तक आरोपी द्वारा करीब 10 लाख रुपए की ठगी करने की पुष्टि हुई है। जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि दिनांक 21 सितंबर को परिवादी समीर हुसैन (23) निवासी विज्ञान नगर निवासी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मेरी ई मित्र की दुकान पर एक लडका दीपक मीणा आता हैं जो मेरे अकाउंट में ऑनलाइन रुपये डलवाता हैं व मेरे से नगद ले कर जाता हैं जिससे मेरे अकाउंट पर अलग अलग जगह से साइबर फ्रॉड की कंपलेन लग गयी हैं व राशि मेरे खाते से अलग अलग खातों में रिफण्ड हो गई, जिससे मुझे काफी नुकसान भी हुआ हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी दिलीप सैनी के निर्देशन में डीएसपी विनोद कुमार और साइबर थाना प्रभारी सतीशचंद के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्य और बैंकों से मिले रिकॉर्ड के आधार पर आरोपी को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने The White Studio Casting और 2000 Casting Company नाम से फर्जी इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप अकाउंट बनाए थे। वह नंदिनी श्रीकांत और यश नगरकोटी के नाम से चैट कर लड़कियों से संपर्क करता और ई-मित्र के जरिए पैसे मंगवाता था। मुल्जिम द्वारा करीब 36 से अधिक लड़कियों से कास्टिंग एवं मॉडलिंग के नाम पर व अन्य दो और ई मित्र संचालकों के साथ भी ऐसे ही ठगी की गयी है। पीडित लड़की से सम्पर्क किया तो उनके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई की दीपक मीणा लड़कियों को कास्टिंग के नाम से काम दिलाने एवं मॉडलिंग के नाम से वॉट्सऐप पर महिला के नाम से फेक नम्बर से अकांउट बनाकर सम्पर्क कर उनके साथ साइबर ठगी करता है। आरोपी बीटेक पास है और मुंबई में कास्टिंग एजेंसी में 4 सालों तक काम कर चुका है। इसी अनुभव का दुरुपयोग करते हुए उसने फर्जी कास्टिंग के नाम पर ठगी शुरू की। आरोपी पहले भी साइबर ठगी के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है।

# आज का भारत कौशल को देता है प्राथमिकता, आईटीआई टॉपर्स को सम्मानित कर पीएम बोले, बिहार को यह तोहफा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के टॉपर्स को सम्मानित किया। पीएम ने कौशल दीक्षांत समारोह 2025 के दौरान 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान पटना से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी जुड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री कहा, "कुछ वर्ष पहले हमारी सरकार ने द्धञ्जद्ध छात्रों के लिए व्यापक स्तर पर दीक्षांत समारोह आयोजित करने की नई परंपरा शुरू की थी। आज इसी परंपरा की एक और कड़ी के साक्षी हम सभी बन रहे हैं। मैं भारत के कोने-कोने से हमारे साथ जुड़ने वाले सभी युवा द्धञ्जद्ध छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि आज का भारत कौशल को कितनी प्राथमिकता देता है..." प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "इस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के हजारों युवा हमसे जुड़े हैं। इस पीढ़ी को शायद अंदाज़ा नहीं होगा कि ढाई दशक पहले बिहार की शिक्षा व्यवस्था कितनी जर्जर थी। न ईमानदारी से स्कूल खुलते थे, न ही भर्तियां होती थीं। कौन सा माता-पिता नहीं चाहेगा कि उसका बच्चा यहां पढ़े और आगे बढ़े? लेकिन मजबूरी में लाखों बच्चे बिहार छोड़कर वाराणसी, दिल्ली और मुंबई जाने को मजबूर हुए। यहीं से पलायन की असली शुरुआत हुई... सौभाग्य से बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को सरकार की जिम्मेदारी सौंपी, और हम सब गवाह हैं कि कैसे पूरी हृष्ठ टीम ने मिलकर बिगड़ी हुई व्यवस्था को पटरी पर लाया... मुझे खुशी है कि आज के कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को एक नया कौशल विश्वविद्यालय मिला है। नीतीश कुमार की सरकार ने इस विश्वविद्यालय का नाम भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के नाम पर रखा है..." बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा, "बहुत खुशी की बात है कि आज देशभर के आईटीआई टॉपर्स के लिए कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने इन संस्थानों के छात्र और छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए... बिहार में युवा आयोग और जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वास की स्थापना की गई है... इसमें बिहार के युवाओं को नौकरी के नियुक्ति पत्र और 25 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृति वितरण किया जा रहा है... इससे बिहार के लोगों को बहुत फायदा होगा.. केन्द्रीय कौशल विकास व उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा, "... आज एक ऐतिहासिक पल है। 11 साल पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एक पहल की थी। कौशल विकास और उद्यमिता क्षेत्र के महत्व को समझते हुए एक नए विभाग का गठन किया था। उस काम के पीछे जो उनकी सोच और प्रयास था, आज उसी विकास यात्रा में हम सभी साथ मिलकर एक मील का पत्थर मनाने वाले हैं... प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि हमें हमारे द्धञ्जद्ध में पढ़ने वाले बच्चों के सम्मान के लिए पहल करनी है। आज हम यहां कुछ चुनिंदा बच्चों को मंच पर बुलाकर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सम्मानित करने का काम करेंगे... प्रधानमंत्री मोदी ने विजन दिया कि 2047 तक देश को विकसित होना है... निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित करने की नींव 11 साल पहले ही रख दी थी।"

## गिरफ्तार व्यक्तियों का उपचार और पुनर्वास जरूरी, कोर्ट ने नशे की लत को बताया मानसिक बीमारी



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने शराब और नशे की लत को मानसिक बीमारी बताया। समाज की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने कहा कि नशे के कारण गिरफ्तार व्यक्तियों का मानसिक उपचार और पुनर्वास होना चाहिए। हाईकोर्ट ने यह आदेश पिछले हफ्ते सुनवाई के दौरान दिया, जब एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर विचार किया जा रहा था। व्यक्ति को अपनी पत्नी के कथित उत्पीड़न और हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जस्टिस संजय देशमुख की बेंच ने निषेध के बावजूद अवैध शराब और नशील दवाओं की आसानी से उपलब्धता पर चिंता जताई। बेंच ने कहा कि देश की नई युवा पीढ़ी को पड़ोसी देश की ओर से प्रतिबंधित नशीली दवाएं प्रदान की जा रही हैं। यह हमारे देश के खिलाफ युद्ध का एक हिस्सा है। बेंच ने निर्देश दिया कि संबंधित अधिकारी और जिला अदालतें मानसिक रूप से बीमार आरोपियों के उपचार मानसिक स्वास्थ्य कानून, 2017 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करें, जब तक वे पूरी तरह ठीक न हो जाएं। कोर्ट ने कहा, अगर जेल पुलिस, जेल अधिकारी और अदालतें इस प्रक्रिया का पालन करेंगी, तो अपराध कम होंगे और समाज को ऐसे लोगों की कानूनी समस्याओं से राहत मिलेगी। इससे सजा के सुधारात्मक सिद्धांत को भी पूरा किया जा सकेगा, जैसे कि अपराध शास्त्र और दंड शास्त्र में बताया गया है। कोर्ट ने आरोपी प्रमोद धुले की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद यह फैसला दिया। धुले को शराब की लत के कारण सीआरपीएफ से निकाला गया था। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मानसिक रूप से बीमार लोगों को बिना उपचार के जमानत देना सही नहीं होगा, क्योंकि वह फिर से गैरकानूनी काम कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे लोगों का इलाज और पुनर्वास करना समाज की सुरक्षा के लिए जरूरी है। आरोपी ने बाद में अपनी जमानत याचिका वापस ले ली, जिसके बाद कोर्ट ने नांदेड़ जेल अधिकारियों को आदेश दिया कि उसे जिला अस्पताल में मानसिक जांच और उपचार के लिए ले जाया जाए। अगर वह शराब की लत की वजह से मानसिक रूप से बीमार पाया जाता है, तो उसे पूरी तरह ठीक होने तक पुनर्वास केंद्र में रखा जाए।

## वायनाड भूस्खलनः प्रभावितों की मदद के लिए प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार से मांगे 2221 करोड़



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल के वायनाड जिले में 2024 में आई भूस्खलन को लेकर केंद्र सरकार से राहत राशि कम दिए जाने पर विरोध जताया है। उन्होंने इस मुद्दे को राजनीति से ऊपर उठकर मानवता के दृष्टिकोण से देखने की बात कही है। प्रियंका गांधी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि वायनाड के लोगों ने भूस्खलन में अपने घर, जीवनयापन के साधन और अपने प्रियजनों को खो दिया है। इस त्रासदी से उबरने के लिए केरल सरकार ने 2,221 करोड़ रुपए की मदद मांगी थी ताकि प्रभावित लोगों की जिंदगी फिर से शुरू हो सके, लेकिन केंद्र सरकार ने मात्र 260 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की, जो कि मांग की गई राशि का बहुत छोटा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि वायनाड के लोग प्रधानमंत्री के यहां आने के बाद मदद की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। प्रियंका गांधी ने यह भी स्पष्ट किया कि राहत और पुनर्वास का काम राजनीति से ऊपर होना चाहिए। मानव पीड़ा को राजनीतिक अवसर के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। प्रियंका ने आगे कहा कि वायनाड के लोग न्याय, समर्थन और सम्मान के हकदार हैं। ऐसे समय में जब वे अपने जीवन को दोबारा संवारने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें पूरा सहयोग मिलना चाहिए न कि उपेक्षा। केरल के वायनाड में आए भूस्खलन ने हजारों लोगों की जिंदगी को पूरी तरह से बदलकर रख दिया था। घर तबाह हो गए थे, खेती-बाड़ी प्रभावित हुई थी और कई लोगों की मौत हो गई थी। इस आपदा ने स्थानीय जनता की हालत बेहद दयनीय कर दी थी। कांग्रेस का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से मंजूर की गई 260 करोड़ रुपए की राशि वायनाड के लिए पर्याप्त नहीं है। प्रियंका गांधी ने इस मामले को लेकर केंद्र सरकार से पुनः विचार करने और उचित राहत राशि मंजूर करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के संकट के समय में मानवता की जीत होनी चाहिए न कि राजनीति की। प्रियंका गांधी ने अपने 'एक्स' पोस्ट के अंत में लिखा कि राहत और पुनर्वास को राजनीति से ऊपर उठना होगा। मानवीय पीड़ा को राजनीतिक अवसर नहीं माना जा सकता।

## तमिलनाडु खाद्य सुरक्षा विभाग का खुलासा, खांसी की दवा के नमूनों में पाई गई मिलावट

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा चेन्नई**

तमिलनाडु खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि चेन्नई स्थित एक फार्मा कंपनी के परिसर से लिए गए खांसी की दवा के नमूनों में मिलावट पाई गई है। अधिकारी ने कहा कि विभाग ने कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है और उसे अपने संयंत्र में उत्पादन तत्काल रोकने का निर्देश दिया है। इससे पहले तमिलनाडु सरकार ने 'कोल्ड्रिफ' ब्रांड की खांसी की दवा की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था और बाजार से इसके सभी स्टॉक हटाने के आदेश दिए थे। तमिलनाडु सरकार की ओर से यह कदम मध्य प्रदेश और राजस्थान में 11 बच्चों की मौत के बाद उठाया गया है। इन बच्चों की मौत कथित रूप से इस कफ सिरप के सेवन से हुई है। अधिकारी ने बताया कि 1 अक्तूबर से इस खांसी की दवा की बिक्री पर पूरे तमिलनाडु में रोक लगा दी गई है। खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने हाल ही में कांचीपुरम जिले के सुंगुवर्चत्रम स्थित कंपनी के फैक्टरी की जांच की थी और वहां से कफ सिरप के नमूने एकत्र किए थे। शनिवार को जांच परिणामों के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने बताया कि जांच में नमूने मिलावटी पाए गए हैं। हमने कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है। अगले आदेश तक कंपनी के दवा का उत्पादन बंद करने के लिए कहा गया है। उन्होंने आगे कहा, कंपनी से संतोषजनक जवाब मिलने तक फैक्ट्री में उत्पादन पूरी तरह रुका रहेगा।

## विदेशी दबाव में पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, कांग्रेस पर भड़के भाजपा सांसद पात्रा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भुवनेश्वर**




भाजपा सांसद संबित पात्रा ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने साल 2008 के मुंबई हमले के बाद विदेशी दबाव में पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई नहीं की थी। भुवनेश्वर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि 2014 से पहले भी भारतीय सशस्त्र बल पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने में पूरी तरह से सक्षम थे, लेकिन देश के नेतृत्व में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी थी। संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि तत्कालीन यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अमेरिकी विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस के दबाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से पाकिस्तान के खिलाफ तुरंत कार्रवाई न करने के लिए कहा होगा, जबकि मुंबई हमले में लगभग 160 लोग मारे गए थे। अपने दावे के समर्थन में, संबित पात्रा ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के एक हालिया इंटरव्यू का हवाला दिया। उन्होंने इंटरव्यू में चिदंबरम के उस कथन का हवाला दिया, जिसमें चिदंबरम ने कहा कि 'पूरी दुनिया पाकिस्तान के खिलाफ बदले की कार्रवाई को रोकने के लिए नई दिल्ली आई थी।' संबित पात्रा ने कहा कि चिदंबरम के बयान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि वे उस समय देश के गृह मंत्री थे। पात्रा ने कहा कि, '2014 से पहले भी भारतीय सशस्त्र बलों में वीरता थी और वे सक्षम थे, लेकिन देश के नेतृत्व में राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव था। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हालात बदले क्योंकि देश को एक मजबूत सशस्त्र बल और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति मिली।' पात्रा ने यह भी दावा किया कि पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि यूपीए सरकार अमेरिका से सलाह-मशविरा करने के बाद ही कैबिनेट मंत्रियों का चयन करती थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने भी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, 'हम सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कैसे मजबूत हुआ है। भारतीय सशस्त्र बलों को पूरी आजादी दी गई और ऑपरेशन सिंदूर में, हमने देखा कि कैसे एक मजबूत संदेश दिया गया। भारत के विपक्ष के नेता चार दिनों से विदेशी दौरे पर हैं और उनका एकमात्र काम भारत को बदनाम करना है। यूपीए सरकार में पी चिदंबरम गृह मंत्री थे, और कल पूर्व मंत्री मनीष तिवारी ने खुलासे किए। यह खुलासा चिंताजनक है, यह हमें डराता है कि एक सरकार जिसे भारत की संप्रभुता की रक्षा करने की संवैधानिक जिम्मेदारी दी गई थी, वह सरकार विदेशी ताकतों के हाथों की कठपुतली बन गई।'

## श्रीनगर में दो करोड़ की आतंकी संपत्ति जब्त, सोशल मीडिया से आतंक फैलाने वाले सज्जाद गुल को बड़ा झटका

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा श्रीनगर**

श्रीनगर पुलिस ने आतंकी नेटवर्क और उसके सहयोगियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 2 करोड़ की संपत्ति को अटैच किया है। यह कार्रवाई अवैध गतिविधियों (यूएपीए) अधिनियम की धारा 25 के तहत की गई है। यह संपत्ति श्रीनगर के एचएमटी क्षेत्र स्थित रोज एवेन्यू, एस्टेट खुशीपोरा (सर्वे नंबर 43 मिन) में स्थित एक तीन मंजिला रिहायशी मकान है, जो 15 मरले जमीन पर बना हुआ है। यह संपत्ति गुलाम मोहम्मद शेख पिता का नाम, ख्वाजा अनवर शेख) के नाम पर दर्ज है, जो कि घोषित आतंकवादी सज्जाद अहमद शेख उर्फ सज्जाद गुल के पिता हैं। हालांकि दस्तावेजों में संपत्ति पिता के नाम दर्ज है, लेकिन पुलिस जांच में सामने आया है कि सज्जाद गुल स्वयं इस संपत्ति का सक्रिय हिस्सेदार है। वह लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देने, भारत विरोधी प्रचार फैलाने और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को भड़काने जैसे गतिविधियों में शामिल रहा है। यह कार्रवाई एफआईआर संख्या 235/2022 के तहत की गई है, जो कि थाना परिमपोरा में यूएपीए की धाराएं 13, 38, 20 और ईआईएमसीओ एक्ट की धाराएं 2/3 के अंतर्गत दर्ज है। यह कार्रवाई तहसीलदार सेंट्रल शालटेंग द्वारा सत्यापन के बाद कार्यपालक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पूरी की गई। श्रीनगर पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई आतंकवाद के आर्थिक, लॉजिस्टिक और ऑपरेशनल नेटवर्क को ध्वस्त करने की रणनीति का हिस्सा है। इसमें सीमा पार से मिल रहे समर्थन और आतंकी समर्थकों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है।

## बरेली बवालः आरोपी नफीस के बरातघर पर चला बुलडोजर, मौलाना तौकीर को शरण देने वाले फरहत का घर सील

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बरेली**



बरेली में बवाल के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जिला प्रशासन ने उनकी अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई तेज कर दी है। बीडीए ने शनिवार को आरोपी डॉ. नफीस के जखीरा स्थित बरातघर रज़ा पैलेस पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। यहां कार्रवाई करने से पहले भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया। उधर, फाइक एन्कलेव में मौलाना तौकीर रजा को शरण देने वाले फरहत के मकान को सील कर दिया गया है। वहीं सैलानी में अतिक्रमण पर नगर निगम का बुलडोजर से चला है। डॉ. नफीस और उसके बेटे को जेल भेजा जा चुका है। उसकी मार्केट को बवाल के बाद सील कर दिया गया था। अब उसके बरातघर पर कार्रवाई हुई है। शनिवार दोपहर जखीरा स्थित बरातघर रज़ा पैलेस पर भारी पुलिस बल तैनात हो गया। मौके पर पहुंचे किला इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि आला अधिकारियों के निर्देश पर फोर्स तैनात की गई है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी या सीलिंग की इसकी जानकारी नहीं है। कुछ देर बाद जिला प्रशासन और बीडीए के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बीडीए की टीम ने तीन बुलडोजरों से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। सबसे पहले बुलडोजर से बरातघर का गेट तोड़ा गया। इसके बाद अन्य हिस्से पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से खलबली मच गई। रज़ा पैलेस पर पुलिस टीम के पहुंचते ही बरातघर के बाहर लगी नेम प्लेट ने सबको हैरत में डाल दिया। इस पर मुतवल्ली का नाम शोएब बेग और उसके पिता का नाम स्व. अथहर बेग लिखा था। दूसरी ओर पिता के नाम के नीचे पूर्व पीसीएस अधिकारी भी लिखा था। बरेली के फाइक एन्कलेव में बीडीए की टीम ने शनिवार को आरोपी फरहत का तीन मंजिला मकान सील कर दिया। इसी मकान में 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा ने पनाह ली थी। बवाल के बाद उन्हें यहीं से गिरफ्तार किया गया था। घर में शरण देने पर फंसा फरहत और फरहान जेल में है। बीडीए के सक्षम अधिकारी ने एक अक्तूबर को नोटिस तामील कराते हुए तीन अक्तूबर से पहले फरहत का घर खानी कराने की अपेक्षा बारादरी पुलिस से की थी। शुक्रवार को वहां न तो पुलिस पहुंची और न ही बीडीए की टीम। शनिवार दोपहर करीब एक बजे बीडीए की टीम यहां पहुंची और सीलिंग की कार्रवाई की।

## सेना प्रमुख की चेतावनी पर सियासी घमासान शुरूः कांग्रेस ने पूछे सवाल, बीजेपी-जेडीयू ने दी पाकिस्तान को सख्त नसीहत

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**



भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के पाकिस्तान को लेकर दिए गए बयान के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विभिन्न दलों के नेताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। कांग्रेस नेता उदित राज ने सेना की बहादुरी को सलाम करते हुए सरकार से तीखे सवाल किए। उन्होंने कहा कि सेना को सलाम। हमारी सेना ने बहादुरी दिखाई, लेकिन बताइए कि भटिंडा में जो मलबा पड़ा था वह किसका था? वह एक लापता विमान का मलबा था। फिर सीडीएस चौहान ने सिंगापुर में कहा कि हमारे विमान गिराए गए। एक वायुसेना अधिकारी ने भी इसकी पुष्टि की थी। तो क्या पहले के बयान गलत थे? ये अच्छी बात है कि पाकिस्तानी लड़ाकू विमान मार गिराए गए। मैं इसके लिए सेना को सलाम करता हूं। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के बयान पर कांग्रेस नेता कहते हैं कि आतंकवाद कहां रुका है? ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी तो आतंकी घटनाएं हुईं। और अगर पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बात हो रही है, तो पहले पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस लीजिए। जब इतना बड़ा काम किया जा सकता है, तो यह छोटा काम क्यों नहीं किया जा सकता? वहीं भाजपा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद सेना का मनोबल बढ़ा है। सेना को खुली छूट मिली है, और आतंकवाद का जवाब देने का तरीका, समय और तरीका सेना खुद तय करती है। जेडीयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि निस्संदेह, भारत ने पाकिस्तान को विश्व मानचित्र पर दो टुकड़ों में बांटा था। अब पाकिस्तान मिटेगा। अब पाकिस्तान का सफाया हो जाएगा। यह बयान अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। भाजपा नेता प्रकाश रेड्डी ने पाकिस्तान को स्पष्ट चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना प्रमुख ने साफ कहा है कि अगर पाकिस्तान को अपनी भौगोलिक स्थिति वैश्विक मानचित्र पर बनाए रखनी है, तो उसे आतंकवाद रोकना होगा। पाकिस्तान को संयम बरतना होगा। और उन्हें पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों, आतंकवादियों को वित्त पोषण और समर्थन भी बंद करना होगा। अगर पाकिस्तान अपनी नीतियां नहीं बदलता, तो सेना प्रमुख की यह चेतावनी भविष्य में हकीकत बन सकती है। दरअसल, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी आतंकवाद को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान को चेताया है कि अगर वो अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो दुनिया के नक्शे से उसका नामो-निशान मिटा दिया जाएगा। शुक्रवार को राजस्थान के अनूपगढ़ में आर्मी पोस्ट पर जनरल द्विवेदी ने कहा कि इस बार भारतीय सेना कोई संयम नहीं बरतने वाली है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर 2.0 का संकेत देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान ने आतंकवाद पर रोक नहीं लगाई तो भारतीय सेना नहीं रुकने वाली है।

### *गाजा पर इस्राइल का हमला*

## हमले में 6 मरे, हमास ने कहा- हम समझौते पर बातचीत को तैयार

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**



हमास ने गाजा शांति समझौते पर बातचीत शुरू करने पर अपनी सहमति दे दी है। संगठन ने शनिवार को कहा कि वह समझौते के सभी शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता शुरू करने के लिए तैयार है। इसका प्रस्ताव इस सप्ताह के शुरू में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रखा था। हमास की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इस्राइल ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपील को दरकिनार कर गाजा पट्टी पर ताजा हवाई हमले किए हैं। इस बीच, अमेरिका तनाव कम करने के प्रयास जारी रखे हुए है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमलों में छह लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि एक हमले में गाजा शहर के एक घर में चार लोग मारे गए, जबकि दूसरे हमले में दक्षिण में खान यूनिस में दो अन्य लोग मारे गए। हमास ने पहले संकेत दिया था कि उसने प्रस्तावित योजना के कुछ तत्वों को स्वीकार कर लिया है। इसका मकसद को रोकना और 7 अक्तूबर 2023 के हमले के दौरान पकड़े गए सभी शेष बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करना है। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा संघर्ष को खत्म करने के लिए उनके शांति प्रस्ताव के समर्थन के लिए विश्व नेताओं को धन्यवाद दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि वे बंधकों को घर लौटते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि ट्रंप ने यह भी स्वीकार किया कि कुछ (बंधकों) की हालत गंभीर हो सकती है। व्हाइट हाउस की ओर से शनिवार को साझा किए गए एक वीडियो संदेश में, ट्रंप ने शांति समझौते को सुनिश्चित करने में मदद के लिए कतर, तुर्की, सऊदी अरब, मिस्र और जॉर्डन जैसे देशों के प्रति आभार जताया। ट्रंप ने कहा कि कहा कि इसे संभव बनाने के लिए कई लोगों ने बहुत मेहनत की है और यह एक महत्वपूर्ण दिन है। इस्राइली सेना ने शनिवार को कहा कि वह गाजा में युद्ध समाप्त करने और शेष सभी बंधकों को वापस करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की योजना के पहले चरण की तैयारी को आगे बढ़ाएगी। यह बात हमास द्वारा समझौते के कुछ हिस्सों को स्वीकार करने की बात कहने के बाद कही गई है, जबकि अन्य पर अभी भी बातचीत की आवश्यकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संदीप कुमार के लिए कसाणा प्रिंटिंग प्रेस, नियर बस स्टैंड भिण्डुसी, तहसील- तिजारा, जिला- अलवर (राजस्थान) पिन कोड- 301405, से मुद्रित तथा 109, धर्मशाला के पास, वीपीओ- हींगवाहेड़ा, तहसील- तिजारा, जिला- अलवर (राजस्थान) पिन कोड- 301411 से प्रकाशित। संपादक, संदीप कुमार Mob- 9414508610 E-mail:- pratigya.alwar@gmail.com पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र अलवर होगा